26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 15 नवम्बर, 2025

अंक- 22 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# श्रीनगर के नौगाम थाना में विस्फोट, नौ की मौत

श्रीनगर (एजेंसी/चिंगारी)। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकाली राजधानी श्रीनगर के नौगाम थाना में शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य लोग घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह दुर्घटना पुलिस और फोरेंसिक टीमों द्वारा हाल ही ज़ब्त किये गये विस्फोटकों के बड़े जखीरे में विस्फोट होने की वजह से घटित हुयी। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट में कम से कम नौ लोग मारे गए, जिनमें ज़्यादातर पुलिसकर्मी थे और 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस की ओर से अभी तक विस्फोट या हताहतों के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार रात हुआ विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज़ लगभग 20 किलोमीटर दूर तक सुनी गयी। थाने की इमारत और उसके



आसपास के कई वाहन आग की चपेट में आ गए। आधी रात से कुछ पहले कई एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं।

गौरतलब है कि नौगाम थाने की पुलिस ने पिछले महीने जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टरों से संबंधित एक मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच के बाद दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट मामले से जुड़े एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफ़ाश हुआ था। जांच के दौरान बरामद विस्फोटकों को थाने में रखा गया था। जैश के पोस्टरों के मामले की जांच अब जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी कर रही है।

# बस में कत्ल कर प्रेमी ने गंडासे से किये टुकड़े

## नाले में फेंका धड़; 25किमी. दूर सिर और हाथों को पहिये से कुचला

**नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे किनारे सेक्टर-82 कट के पास मिले महिला के सिर व हाथ कटे शव की शिनाख्त कर पुलिस ने हत्या का खुलासा कर दिया है। शव मिलने के नौवें दिन महिला की शिनाख्त बरौला निवासी प्रीति यादव (33) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक प्रीति के प्रेमी मूल रूप से एटा के जैथरा निवासी बस चालक मोनू सिंह ने उसकी हत्या की थी, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी और मृतका दोनों शादीशुदा थे। पूछताछ में आरोपी ने रुपये के लेन-देन में विवाद, साथ रहने के लिए दबाव बनाने और बेटियों का भविष्य बिगाड़ने की धमकी की वजह से वारदात की बात कबूली है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बुधवार 5 नवंबर की शाम मोनू ने प्रीति को मिलने के लिए बुलाया। वह उसे बस में बैठाकर सेक्टर-49 बरौला से सेक्टर-105 ले गया। बस में हुए झगड़े के दौरान उसने वहीं रखे गंडासे से गर्दन पर वार कर प्रीति की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव के टुकड़े किए। नोएडा सेक्टर-82 कट के पास नाले में महिला का धड़ फेंक दिया, जबकि सिर, हाथ और कपड़े गाजियाबाद में रेलवे लाइन पर ले जाकर फेंक दिए। शुक्रवार को डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने सेक्टर-14 ए में आयोजित प्रेस-कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

# 'ये हादसा, साजिश या कुछ और...'

जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन परिसर के पास शुक्रवार रात हुए एक घातक विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने थाने के आसपास के इलाके को घेर लिया है और जांच की जा रही है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का आकलन करने के बाद रवाना हो गए। विस्फोट के कारणों की जांच अभी जारी है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि पुलिस थाना नौगाम की एफआईआर संख्या 162/2025 की जांच के दौरान, 9 और 10 नवंबर 2025 को फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, रसायन और रीजेंट बरामद किए गए थे। यह बरामदगी, बाकी बरामदगी की तरह, पुलिस स्टेशन नौगाम के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से ले जाकर रखी गई थी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत बरामदगी के नमूनों को आगे की फोरेंसिक और रासायनिक जांच के लिए भेजा जाना था। बरामदगी की मात्रा बहुत अधिक होने के कारण, यह प्रक्रिया पिछले दो दिनों से एफएसएल टीम कर रही थी। नमूना लेने की प्रक्रिया और संचालन एफएसएल टीम द्वारा अत्यंत सावधानी से किया जा रहा था।

तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की
हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर

- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।

इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
Male and Female both can apply

आवश्यकता है
लकड़ी की मशीनों पर काम करने हेतु कुशल एवं योग्य कारीगरों व हेल्परों की आवश्यकता है।
मो. 9837958572, 7417556822

होटल में स्टाफ की आवश्यकता
2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव
2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना
होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

Now In Bijnor
Carrier Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 16 नवम्बर 2025**

मेष- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी का एहसास, परिवार में शुभ कृत्य संपन्न, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, भोग-विलासिता में रुझान।

वृषभ- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, धन की प्राप्ति, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, चित्त प्रफुल्लित।

मिथुन- आर्थिक हानि, समस्याओं से परेशानी, दूर या समीप की यात्रा में असुविधा, मित्रों से मनमुटाव, मानसिक कष्ट, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक।

कर्क- शारीरिक सुख की प्राप्ति, आहार-विहार में नवीनता, इच्छित पद की प्राप्ति में उपस्थित व्यवधान समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बुद्धि का विकास।

सिंह- मनोरथपूर्ण होने को, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अध्यात्म के प्रति आस्था, मंगल आयोजन सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।

कन्या- बुद्धि चातुर्य से कार्यसिद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवाद का समापन।

तुला- समस्याओं से अशांति, परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, धन का अभाव, जरा-जरा सी बात पर क्रोध, मन दुविधामय, पठन-पाठन में अरुचि, अशांति भी।

वृश्चिक- योजना साकार होने की ओर, किसी के माध्यम से आर्थिक प्रगति, घरेलू वातावरण सुखद, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, इच्छित पद की प्राप्ति, आनन्द की अनुभूति।

धनु- कुछेक समस्याओं का समाधान, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, प्रसन्नता भी।

मकर- प्रियजनों से अनुकूल सहयोग, शारीरिक सुख की अनुभूति, सुपरिचितों से विचार-विनिमय, व्यापार में धन निवेश, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, अध्यात्म के प्रति आस्था।

कुम्भ- समस्याओं से उलझनें, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, प्रतिष्ठा में कमी, दाम्पत्य जीवन कष्टकर, धन लाभ में कमी, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

मीन- पराक्रम में वृद्धि, प्रगति के लिए प्रयत्नशील, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, हर्षोल्लास का वातावरण, व्यापारिक क्षेत्र में पूर्ण सफलता, सुख-शांति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# बिहार में एनडीए को प्रचंड जीत मिली, भाजपाइयों की बांछें खिलीं



बिहार की जीत पर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**नगीना ( चिंगारी )।** बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित स्थानीय भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। शुक्रवार की शाम भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि के नेतृत्व में गांधी मूर्ति तिराहा पर एकत्र हुए। भाजपाइयों ने बिहार में पार्टी की बंपर जीत पर आतिशबाजी छोड़ते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस मौके पर पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल, विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग,अब्दुल कय्यूम राईन, सौरभ मित्तल, सभासद गोपाल शर्मा, जितेंद्र राठी,नीरज विश्नोई, गर्वित चौधरी, अरुण शर्मा, राजमणि कुदेशिया, लवी मित्तल, केशव दीक्षित, सभासद बृजमोहन बिश्नोई, राजकुमार सेठी, दयाशंकर सैनी, महावीर सैनी, राजकुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## 400 मीटर दौड़ में आदिया ने बाजी मारी

**नगीना ( चिंगारी )।** एनएसएस पब्लिक स्कूल में खेलकूद, निबंध और सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। 400 मीटर की दौड़ में आदिया ने बाजी मारी। विजेता खिलाड़ियों को दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्रवार को स्कूल मैदान पर हुई विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 400 मीटर की दौड़ में आदिया ने प्रथम, पवन ने द्वितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में अली ने प्रथम, सोफिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में अक्षरा ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय और सुभान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में आदि ने प्रथम व मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम, अक्षरा ने द्वितीय और अल्फिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को दिव्य सेवा संस्थान की तरफ से प्रबंधक संजय शर्मा ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर सुगमचंद, विद्यालय के प्रबंधक अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।




एनएसएस पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा।



## बाल दिवस मनाया

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक बलराम सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य आसाराम राजपूत, उपप्रधानाचार्य स्वाति चौहान ने नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के प्रति उनके प्रेम के विषय में बताया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संचालन अलीसा अंसारी, अंशिका ने किया।

# चिल्ड्रंस एकेडमी में सम्पन्न हुआ भव्य खेल महोत्सव

### कक्षा 11 के अंश चौधरी ने 50 सेकेंड में 55 पुशअप लगाये

**नूरपुर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी स्कूल में बाल दिवस पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल अनुशासन टीम भावना और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं।

पूरे तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, प्रतिभा और खेल भावना से सराबोर रहा। विभिन्न गतिविधियों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय दिया।



**मुख्य परिणाम इस प्रकार रहे**
**कक्षा 3 नींबू-चम्मच दौड़-**

प्रथम युग, द्वितीय सिद्धार्थ, तृतीय शौर्य। कक्षा 4 पानी की बोतल उठाओ प्रतियोगिता में प्रथम नक्ष, द्वितीय समायरा, तृतीय आयशा कक्षा 5 बोरी दौड़ प्रथम जतिन, द्वितीय जिया चौधरी, तृतीय शाद मलिक। कक्षा 6 से 129 लंबी कूद, खो-खो, साइकिल दौड़, पुशअप, कबड्डी एवं रस्साकशी खो-खो प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस विजेता रहा। कक्षा 11 के छात्र अंश चौधरी ने 50 सेकंड में 55 पुशअप लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया।

समापन समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष सत्यवीर गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास,अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।

# वृद्धा की संदिग्ध हालत में मौत

## बेटी व दामाद पर हत्या का आरोप

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम कंदला शाहकोट निवासी एक वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की बड़ी पुत्रियों द्वारा अपनी छोटी बहन और बहनोई पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाए जाने पर पुलिस ने वृद्धा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कंदला निवासी क्रांति देवी पत्नी लीला सिंह के छः पुत्रियां हैं, जिनमें से एक मंदबुद्धि है और शेष पांच की शादी हो चुकी है। क्रांति देवी के कोई पुत्र न होने के कारण उनकी एक पुत्री करेशना देवी अपने पति चंद्रप्रकाश के साथ अपनी मां के साथ रहती थी। विगत रात्रि वृद्धा की मौत हो गई, जिसका पता लगने पर उनकी पुत्री इमरती, बाला, दयावती व लक्ष्मी भी पहुंच गई। आरोप है कि मां के साथ रहने वाली बहन ने उन्हें सूचना नहीं दी और पता लगने पर जब वे पहुंची तो उन्हें घर में घुसने नहीं दिया। चारों बहनों ने सम्पत्ति हड़पने के लिए छोटी बहन व बहनोई पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से तीन युवक घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक सीएचसी में भर्ती कराया। एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिजनौर रैफर किया। ग्राम नन्हेड़ा निवासी रिंकू, सतीश और महेंद्र एक ही बाइक पर नहटौर से मजदूरी करके अपने घर जा रहे थे। नहटौर–नूरपुर मार्ग पर ग्राम खंडसाल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घायलों को तत्काल सीएचसी नहटौर ले जाया गया, जहां पर रिंकू की हालत गंभीर देखते हुए बिजनौर रैफर कर दिया।


## माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105

**आपके शहर बिजनौर में पहली बार**

**एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर**
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



**डॉ. पल्लवी एम. जैन**
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

**उपलब्ध सुविधाएँ**

- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


# मॉडर्न ऐरा की तीन छात्राओं का देश की शीर्ष कम्पनियों में चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर की प्रतिभाशाली छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों में उच्च पैकेज के साथ चयन प्राप्त किया है। मॉडर्न एरा की तीन बेटियों ने अपनी कक्षा 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त करने के साथ–साथ अपने सर्वांगीण गुणों का विकास कर भविष्य की चुनौतियों की तैयारी की, जिसमें चांदनी मिश्रा का अमेज़न में रुपये 47.88 लाख, अनन्या विश्नोई का आईटी टीम में रुपये 14 लाख और अक्षिता अग्रवाल का इन्फोसिस में रुपये 9.50 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण के साथ–साथ विद्यालय की निर्देशक–प्रधानाचार्या डॉ. सीमा बिस्वास के सशक्त नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। उनके प्रेरणादायी नेतृत्व ने विद्यालय में अनुशासन, मूल्य आधारित शिक्षा और उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण स्थापित कर विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा बिस्वास ने भावविभोर होकर अपनी तीनों बेटियों को दिल से आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भी दीं।

# गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 19 नवम्बर को निकलेगी जनजागृति यात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी, भाई दयाला जी के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 19 नवम्बर को जनपद में विशाल जनजागृति यात्रा निकाली जायेगी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर के अध्यक्ष अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव गुरचरन सिंह चावला के अनुसार यह जनजागृति यात्रा प्रातः 7:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया एवं पंचप्यारों की अगुवाई में नगीना चौराहा धामपुर से प्रारंभ होगी और स्योहारा, राजा का ताजपुर, ढीकली, नूरपुर, अहीरपुरा, खासपुरा, ऊमरी बड़ी, पैजनिया, हल्दौर, बिजनौर, किरतपुर, नजीबाबाद, नगीना होते हुए धामपुर गुरुद्वारा साहिब में समापन होगा। इस जनजागृति यात्रा को लेकर सिख समाज में अत्यधिक उत्साह है। प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर द्वारा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिये जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।




**मंगलमय हो मिलन तुम्हारा...**

# अदिति संग रजत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पत्रकार स्व. कपिल थापन एवं श्रीमती कीर्ति थापन की सुपुत्री आयु. अदिति का शुभ विवाह चिरंजीव रजत के साथ नजीबाबाद के एक बैंकट हॉल में आयोजित भव्य समारोह में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जनपद के अनेक पत्रकारों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने विवाह समारोह में पहुंचकर वर–वधू को आशीर्वाद दिया। श्रीमती कीर्ति थापन तथा सर्वश्री अनिल थापन, सुनील थापन, अखिल थापन, निखिल थापन, मनीष जैन, निधि जैन, शरीफ अहमद, शारांश थापन, वृद्धि थापन, दक्ष थापन, अक्ष थापन, आरुष थापन आदि ने अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चिंगारी परिवार अदिति व रजत के सुखमय जीवन की कामना करता है।

## सूचना

हमारे दो बैनामे जिनकी बही सं. 1, जिल्द सं.-6572 पृष्ठ सं.-19 से 32, क्रमांक- 1515 तथा दूसरा बैनामा बही सं.-1, जिल्द सं.-6573, पृष्ठ सं.-33 से 44, क्रमांक- 1516, दिनांक 27/1/2011, दोनों का खसरा नं. 366 व क्षे. 40.18 वर्ग मी. है। दोनों के क्रेता-श्रीमती जुमरत खातून व विक्रेता-उदयवीर सिंह हैं, कहीं गुम हो गये हैं।- **बलकरन सिंह पुत्र रामलाल सिंह, ग्राम सदाफल, जिला बिजनौर**




**फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!**

Hero

★नियम व शर्तें लागू

Good Life Gift Voucher

**कविता मोटर्स**
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

## बिहार चुनाव परिणाम के निहितार्थ

बिहार के चुनाव परिणामों का असर आने वाले समय में अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों पर भी पड़ने की संभावना है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार चुनाव परिणाम के बाद भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकेत दिया कि बिहार से होकर गंगा पश्चिम बंगाल तक जाती है। अब बंगाल के लोगों को भी जंगल राज से मुक्ति मिलेगी। उनका सीधा इशारा पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की ओर था। निश्चित रूप से बिहार के चुनाव परिणामों से भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर है। बिहार में पहली बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री भी भाजपा का होगा। आने वाले कुछ दिनों में बिहार की राजनीति में काफी उठापटक दिखायी देगी। दरअसल, भाजपा बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने का सपना दशकों से देखती आ रही है। नीतीश कुमार के सुशासन की सीढ़ी लगाकर भाजपा इस बार इस मुकाम तक पहुंची है कि वह अपना मुख्यमंत्री बनाने की स्थिति में है। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि भाजपा पलटूराम को पलटी देती है या नहीं। इसी के साथ भाजपा का अगला टारगेट पश्चिम बंगाल ही है। इधर उत्तर प्रदेश में भी राजनीतिक गतिविधियां अब तेज होने जा रही हैं। 2027 के चुनाव को लेकर भाजपा काफी पहले से सक्रिय है, लेकिन बिहार चुनाव के बाद अब देश के इस सबसे बड़े सूबे में राजनीतिक घमासान होने जा रहा है। मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश में भाजपा की लड़ाई सपा-कांग्रेस के इंडिया गठबंधन और दूसरी बहुजन समाज पार्टी से है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कुछ सीटों पर आजाद समाज पार्टी भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने की स्थिति में है। किंतु जो विपक्षी खेमा दूसरे विपक्षी खेमे पर ज्यादा हमला करेगा और सत्ता पर अधिक हमलावर होने के बजाय तारीफ करेगा उस दल के बारे में सरकार विरोधी मतदाताओं की राय बहुत अच्छी नहीं होगी, और जो विपक्षी खेमा हमलावर होगा, सरकार विरोधी वोटर एकजुट होकर उस विपक्षी दल के समर्थन में खड़ा होगा। पिछले दिनों लखनऊ में हुई बसपा की विशाल रैली में मायावती के विचार सुनकर सत्ता विरोधी लोगों को एक बार फिर उनसे निराशा हुई। हालांकि सपा भी भाजपा सरकार के खिलाफ कोई आंदोलन खड़ा करने में अभी तक विफल है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव केवल ट्विटर वार पर भरोसा किये हुए हैं, जबकि योगी सरकार की नीतियों से खिन्न लोग चाहते हैं विपक्ष सड़कों पर उतरकर उनकी आवाज उठाये। आने वाले दिनों में सत्ता के लिये विपक्षी खेमे क्या रुख अपनाते हैं, यह देखना होगा।

# संसद का शीतकालीन सत्र

## महंगाई-बेरोजगारी पर विपक्ष रहेगा हमलावर

**विपक्ष केंद्र से यह सवाल करेगा कि अगर राज्य स्तर पर जाति आधारित सर्वेक्षण संभव हैं, तो राष्ट्रीय स्तर पर इसे लेकर केंद्र अब तक चुप क्यों है। यह मुद्दा सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा दे सकता है और संसद में लंबी बहस को जन्म दे सकता है। मणिपुर हिंसा और अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े मानवाधिकार के सवाल भी विपक्षी एजेंडे में शामिल रहेंगे।**



**-अजय कुमार**
लखनऊ

एक दिसंबर 2025 से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है और सियासी वातावरण धीरे-धीरे तपने लगा है। यह सत्र ऐसे समय में हो रहा है जब केंद्र की नीतियों को लेकर विपक्ष पहले से ही हमलावर मूड में है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में सरकार बनाम विपक्ष का आमना-सामना कई प्रमुख मुद्दों पर देखने को मिल सकता है। बीते महीनों में हुए कुछ निर्णयों, आर्थिक नीतियों, किसानों की मांगों और राज्यों में घटित राजनीतिक घटनाओं ने संसद में तीखी बहस के संकेत दे दिये हैं। सत्र का एजेंडा भले ही सरकार तय करती है, पर माहौल विपक्ष के आक्रामक तेवरों से ही बनता है। बिहार चुनाव के नतीजे और पश्चिम बंगाल में ममता सरकार द्वारा एसआईआर का विरोध भी सत्र को प्रभावित कर सकते हैं। विपक्ष के निशाने पर सबसे पहला और बड़ा मुद्दा महंगाई का रहेगा। त्यौहारी सीजन के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में एक बार फिर उछाल देखने को मिला है। दाल, तेल, सब्जियों और दूध के दामों ने आम जनता की जेब पर असर डाला है। विपक्ष इसे जनता के जीवन से जुड़ा विषय बनाकर पेश करेगा और सरकार से सवाल करेगा कि महंगाई पर नियंत्रण के इतने वादों के बावजूद कीमतें क्यों नहीं थम रही हैं। खासकर रसोई गैस और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतें विपक्ष को सरकार को घेरने का खुला मौका देंगी। दूसरा बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का होगा। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नई नौकरियों की घोषणा के बावजूद युवाओं में बेचैनी कम नहीं हुई है। विपक्ष यह साबित करने की कोशिश करेगा कि रोजगार सृजन के सरकारी दावें केवल आंकड़ों तक सीमित हैं। इस विषय पर विपक्ष का फोकस युवाओं को साधने पर रहेगा, खासकर उन राज्यों में जहां आने वाले महीनों में चुनाव होने हैं। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और टीएमसी जैसी पार्टियां इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने की तैयारी में हैं। विपक्ष चाहता है कि संसद के अंदर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं की चर्चा इतनी तीखी हो कि बाहर जनता में उसकी गूंज बने। कृषि और किसानों से जुड़ा मामला भी सत्र में खूब गूंज सकता है। हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में फिर से किसान संगठनों का दबाव बढ़ रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी, फसलों के दामों की स्थिरता और कृषि कानूनों से जुड़े पुराने विवाद विपक्ष के हथियार बन सकते हैं। भले ही सरकार ने कुछ नीतिगत घोषणाएं की हैं, लेकिन विपक्ष सवाल उठाएगा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ। राष्ट्रव्यापी किसान संगठनों की योजनाबद्ध रणनीति संसद सत्र के दौरान सड़क से सदन तक समानांतर आंदोलन का रूप ले सकती है। सुरक्षा और सीमा से जुड़े मुद्दे भी विपक्ष के निशाने पर रहने वाले हैं। बीते महीनों में जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और लद्दाख क्षेत्र में घटनाओं ने सरकार की आंतरिक सुरक्षा नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। विपक्ष इस प्रश्न को उठाएगा कि शांति और विकास के वादों के बावजूद इन संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता क्यों बनी हुई है। इसके अलावा, सीमा विवाद और रक्षा सौदों की पारदर्शिता जैसे विषयों पर भी विपक्ष सरकार को घेर सकता है। रक्षा बजट और आधुनिक तकनीक की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की मांग विपक्ष के एजेंडे में शामिल है। शीतकालीन सत्र का एक और संभावित विवादास्पद मुद्दा जनगणना और जाति आधारित सर्वेक्षण से जुड़ा हो सकता है। कई राज्यों ने जातीय सर्वेक्षणों के आंकड़े जारी किये हैं,



जिससे राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय और आरक्षण नीति को लेकर बहस तेज हुई है। बिहार, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्यों में हुए सर्वेक्षणों ने सामाजिक समीकरण की नई परतें खोली हैं। विपक्ष केंद्र से यह सवाल करेगा कि अगर राज्य स्तर पर जाति आधारित सर्वेक्षण संभव हैं, तो राष्ट्रीय स्तर पर इसे लेकर केंद्र अब तक चुप क्यों है। यह मुद्दा सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा दे सकता है और संसद में लंबी बहस को जन्म दे सकता है। मणिपुर हिंसा और अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े मानवाधिकार के सवाल भी विपक्षी एजेंडे में शामिल रहेंगे। विपक्ष सरकार से यह पूछने की कोशिश करेगा कि क्या इन मामलों में प्रशासन की निष्पक्षता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है या नहीं। मानवाधिकार आयोग और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को विपक्ष बहस में शामिल कर सकता है, जिससे सरकार पर नैतिक दबाव बने। अर्थव्यवस्था से जुड़ी नीतियों पर जैसे जीएसटी संग्रह, औद्योगिक विकास और छोटे व्यापारियों की कठिनाइयों पर भी विपक्ष का हमला होगा। विपक्ष यह तर्क देगा कि विकास का लाभ केवल बड़े कॉर्पोरेट घरानों तक सीमित है, जबकि छोटे व्यवसाय दबाव में हैं। वित्तीय घाटा और रुपये की गिरावट को लेकर भी प्रश्न उठ सकते हैं। खासकर पेट्रोल और डीजल पर कर, विदेशी निवेश और पब्लिक सेक्टर डिसइन्वेस्टमेंट की नीतियों को विपक्ष जमकर मुद्दा बनाएगा। मीडिया स्वतंत्रता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे सवाल भी इस बार गूंज सकते हैं। विपक्ष यह आरोप लगा सकता है कि संवैधानिक संस्थाएं केंद्र के प्रभाव में काम कर रही हैं। इससे लोकतंत्र की सेहत पर बहस छिड़ सकती है। सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) में संशोधन और मीडिया नियमन से जुड़ी हालिया चर्चाएं भी इस बहस का हिस्सा बनेंगी। जनहित के कानूनों और सामाजिक योजनाओं पर बहस में विपक्ष यह दिखाने की कोशिश करेगा कि सरकारी घोषणाओं और जमीनी हकीकत में फर्क है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना जैसी योजनाएं हर सत्र में चर्चा का विषय रहती हैं और इस बार भी विपक्ष इनके कार्यान्वयन पर सवाल उठाएगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन योजनाओं की पहुंच और गुणवत्ता को लेकर विपक्ष सरकार की जवाबदेही तय करने की कोशिश करेगा। इन सारे मुद्दों के बीच विपक्ष की एक और रणनीति होगी कि सरकार को जवाब देने पर मजबूर किया जाए। प्रश्नकाल और शून्यकाल का अधिकतम उपयोग इसी दिशा में होगा। हालांकि सरकार भी इस सत्र को अपने विधायी एजेंडे के हिसाब से आगे बढ़ाना चाहेगी, जिसमें आर्थिक सुधारों से जुड़े कुछ नये विधेयक शामिल हो सकते हैं। लेकिन संसद का वास्तविक माहौल विपक्ष के शोर-शराबे और सदन के अंदर विपक्ष और सत्ता पक्ष की राजनीतिक अदाओं से ही तय होगा। इस सत्र का राजनीतिक महत्व इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि अगले वर्ष कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह सत्र केवल नीति निर्माण का नहीं, बल्कि आगामी चुनावी नैरेटिव तय करने का अखाड़ा भी बन जाएगा। विपक्ष जहां जनता के सवालों को मुखर करना चाहता है, वहीं सरकार अपने कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश कर जनता को भरोसे में लेने की कोशिश करेगा।

# ताजपुर में लगा रोजगार मेला, 45 कंपनियों ने युवाओं को दिये अवसर



राजा का ताजपुर के आरजीएनपी इंटर कॉलेज में रोजगार मेले का उद्घाटन करते धामपुर विधायक अशोक राणा।



रोजगार मेले में रोजगार प्रस्ताव पत्र देते धामपुर विधायक अशोक राणा।

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** जिला सेवायोजन विभाग के तत्वावधान में आर.जी.एन.पी. इंटर कॉलेज ताजपुर में आयोजित रोजगार मेले में जिले के 2500 शिक्षित बेरोजगारों ने पंजीकरण कराया। मेले में 45 राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लेते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर प्रस्तुत किए और 1325 अभ्यर्थियों को रोजगार प्रस्ताव पत्र प्रदान किये। मेले में शूटर छात्र अंश डवास को सम्मानित किया गया।

रोजगार मेले का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा ने फीता काटकर किया। मेले में शामिल प्रमुख कंपनियों में हिंदुस्तान ऑटो स्पेयर, मोहित पेट्रोकेमिकल, धारा फाइनेंस लि., सर्वसिद्धि मैनेजमेंट कंसल्टेंसी प्रा.लि., एलिमेंट्ज़, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि., लार्सन एंड टूब्रो कंस्ट्रक्शन, टाटा एआईजी लाइफ इंश्योरेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा स्वराज प्लांट आदि शामिल रहीं। कंपनियों ने ऑपरेटर, सुपरवाइजर, टेक्नीशियन, मैनेजर, सिक्योरिटी गार्ड, टेलीसेलर, बिजनेस एसोसिएट, मशीन ऑपरेटर जैसे विभिन्न पदों के लिए हजारों रिक्तियां प्रस्तुत कीं।

मेले में पहुंचे युवाओं ने कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत कर अपने दस्तावेज़ जमा किये और मौके पर ही काउंसलिंग व प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया में हिस्सा लिया और जॉब ऑफर लेटर प्राप्त किए।

कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था सेवायोजन कार्यालय बिजनौर के प्रभारी पंकज चौधरी व विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनपाल सिंह की देखरेख में की गई। कार्यक्रम में एमडी जयदेव सिंह आर्य, करन सिंह, प्राचार्य श्रीमती निर्देश चौहान, जिला एकीकरण सदस्य कमलजीत सिंह नूर, हाजी शमशाद फरीदी, ठाकुर हेमराज सिंह, कुंवरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन आईटीआई के प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने किया।

# डीएम ने नये मतदेय स्थलों के संभाजन के निर्देश दिये

## राजनीतिक पार्टियों से सहयोग का आह्वान किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन संबंधी बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रति मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाता एवं ऐसे मतदान केंद्र जहां स्थापित मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता मौजूद हैं, अन्य बूथ अथवा नये बूथ संभाजन के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिये थे कि बूथ संभाजन के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। मतदाता के घर से बूथ की दूरी निर्धारित दूरी से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी केंद्र पर दो बूथ हैं तो 1200 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के रूप में समायोजित करने की कोशिश की जाए, ताकि बूथों की संख्या कम हो सके। किसी बूथ पर अगर कम मतदाता हैं तो दूसरे अन्य बूथ से जोड़ने की कोशिश की जाए, लेकिन यह जरूर ध्यान रखा जाए कि इससे मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बैठक में उपस्थित राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि उक्त संबंध में अपने सुझाव/आवेदन/प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय में जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उनको निर्वाचन आयोग को समयपूर्वक प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, समस्त उपजिलाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दल भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, सपा से अखलाक उर्फ पप्पू सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बाल दिवस पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता



**खासपुरा ( चिंगारी )।** जनता शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल खासपुरा में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें चित्रकला, निबंध लेखन, कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। बच्चों ने देशभक्ति गीत, लघु नाटिकाओं के माध्यम से पंडित नेहरू के विचारों को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य निर्देश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा, शिल्पी शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, अजय पाल और निशा उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलायी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उ.प्र. मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, शाखा बिजनौर के नये पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई।

उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों/ कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के निदान के लिए तत्पर रहते हुए शासकीय कार्यों एवं अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं कर्तव्य बोध के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, न्यायिक अंशिका दीक्षित, उपजिलाधिकारी सदर रितु चौधरी, अजीत उपाध्याय प्रांतीय मंत्री, कार्यकारिणी के सदस्य एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# 'अंकल पकड़कर अपने साथ ले गये, कमरे में बंद कर ग़लत काम किया'

## 67 साल के बुजुर्ग ने किया 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म



आरोपी शाहिद पुलिस की पकड़ में।

**नगीना ( चिंगारी )।** 67 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा आठ वर्षीय छात्रा को कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। नगीना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। बाद में न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नगीना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उसके पति बाहर रहकर काम करते हैं। तहरीर में कहा गया कि उसकी आठ वर्षीय पुत्री नगर के एक स्कूल में कक्षा यूकेजी में पढ़ती है। आरोप लगाया गया कि 13 नवंबर को दोपहर करीब एक बजे उसकी पुत्री ने स्कूल से लौटकर बताया कि एक अंकल ने उसके साथ गलत काम किया है। छात्रा ने मां को बताया कि एक अंकल रास्ते में से उसे पकड़कर अपने साथ ले गए तथा अपने घर में एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप लगाया गया कि आरोपी ने छात्रा के साथ गलत काम किया। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की मां की तहरीर पर आरोपी नगर के मोहल्ला लुहारी सराय निवासी शाहिद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### बालिका के पास मिले दस रुपये के नोट ने हटाया घटना से पर्दा

**सूत्रों की अगर माने तो 10 रुपये के नोट के जरिए ही मां को घटना का पता चल पाया। दरअसल आरोपी बुजुर्ग बालिका को अक्सर स्कूल आते- जाते टॉफी- चॉकलेट खाने के लिए कुछ पैसे दे दिया करता था। घटना के बाद बालिका जब घर पहुंची तो उसके पास दस रुपये का नोट देखकर मां ने बिटिया से सवाल किया तो वह फूट-फूट कर रोने लगी। उसके बाद उसने मां को आपबीती सुनाई, तो वह सकते में आ गई।**

### आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलायेंगे - सीओ

**पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आरोपी शाहिद करीब 67 वर्ष आयु का बुजुर्ग व्यक्ति है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस का प्रयास रहेगा कि फास्ट ट्रैक के जरिए आरोपी को जल्द कड़ी सजा दिलाई जा सके।**

# बिहार में एनडीए की जीत पर खुशी मनाई भगत सिंह चौक पर झूमकर नाचे भाजपाई



मिठाई खिलाते हुए भाजपा पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की खुशी धामपुर में भी देखने को मिली। शुक्रवार देर शाम भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर एकत्र हुए और ढोल की थाप पर जमकर नृत्य करते हुए मिठाई बांटी। उन्होंने इस जीत को आगामी 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव का ट्रेलर बताया। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया ने कहा कि बिहार का जनादेश साफ कर रहा है कि जनता अब सिर्फ विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कि यह जीत बताती है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि 2014 से अब तक हुए लगभग सभी चुनावों में भाजपा ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। भूमि विकास बैंक के मुरादाबाद मंडल डायरेक्टर महेंद्र धनोरिया ने कहा कि भाजपा की यह जीत आम जनता की जीत है, क्योंकि जनता भ्रष्टाचार मुक्त सरकार और विकास की राह चाहती है।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में राजीव सिसोदिया, राजू गुप्ता, भाजपा सभासद संतोष राजपूत, सुमित माहेश्वरी, जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी, राकेश चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, महेंद्र धनोरिया, अनिल कुमार, नागेश्वरदयाल गहलोत, आशीष अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, शशि बिंदु, अनिल शर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार पलटने से एक की मौत, दो घायल



मृतक मुजाहिद का फ़ाइल फोटो।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग पर गांव मंडोरा के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिसमें कार चालक मुजाहिद अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। नगीना के गांव मटेरा निवासी मुजाहिद अंसारी कस्बे के मोहल्ला शहीदनगर में मुंबई से अपनी ससुराल आया हुआ था।शुक्रवार की देर शाम करीब सात बजे वह अपने चचेरे साले आसिफ (18) व अफ़सार (24) के साथ थानाक्षेत्र नहटौर के गांव सिजौली जा रहा था। जब वह ग्राम मंडोरा के पास पहुंचे, तो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार चालक मुजाहिद अंसारी,आसिफ़ व अफ़सार गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मुजाहिद को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन बगैर किसी किसी कानूनी कार्रवाई के शव को घर ले गए।

# ससुराल वालों ने बहू की अश्लील फोटो वायरल कर दी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** एक महिला ने सोशल मीडिया पर अश्लील फ़ोटो वायरल करने के आरोप में अपने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ़ मामला दर्ज कराया है। कस्बे के मौहल्ला इस्लामनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र बिजनौर के गांव बरुकी निवासी मोहम्मद शहनवाज के साथ हुई थी। उसका आरोप है कि उसके पति मोहम्मद शाहनवाज, ससुर मोहम्मद शाहिद, सास मीना, जेठानी शमा परवीन व ननद रानी ने तीन दिन पूर्व उसे गन्दी गन्दी फब्तियां कसते हुए सोशल मीडिया पर उसकी अश्लील फ़ोटो वायरल कर दी तथा कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता का कहना है कि सोशल मीडिया पर उसकी अश्लील फ़ोटो वायरल होने से समाज मे उसकी बहुत बेइज्जती हुई है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में उतना ही महत्व - प्रणय मनु गुप्ता

## आर.आर. पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता




आरआर पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते प्रबंधन।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शुक्रवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले स्कूल के चेयरमैन डॉ. मनुजेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा एक से कक्षा पांच तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रबंध तंत्र ने मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने प्रेरक भाषण देते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा का जितना महत्व है उतना ही खेलों का होता है, इससे छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायता मिलती है।

प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग में कक्षा एक से 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में परीक्षित चौहान प्रथम, भव्य सैनी द्वितीय, अदविक राजपूत तृतीय कक्षा दो में दिक्षित कुमार प्रथम, केशव सैनी द्वितीय, वासव सैनी तृतीय कक्षा तीन में फ़ैज़ प्रथम, शिवांश राणा द्वितीय, लक्ष्य चौधरी तृतीय, कक्षा चार में कुश चौधरी प्रथम, आरव दत्त द्वितीय, मौनाक्ष राजपूत तृतीय कक्षा पांच में लव्य प्रथम, आर्य द्वितीय नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कक्षा एक से भव्या सिंह प्रथम, वेदांशी राजपूत द्वितीय, प्रियांशी शर्मा तृतीय कक्षा दो में मानी प्रथम, भूमिका द्वितीय, वानी कौर तृतीय कक्षा तीन में अनाबिया प्रथम, शिवांगी चौहान द्वितीय, अज़्गा तृतीय कक्षा चार में दिव्यांशी चौधरी प्रथम, मानसी दिवाकर द्वितीय, अवनी तृतीय कक्षा पांच में हरप्रीत कौर प्रथम, आस्था द्वितीय, कनिका ने तृतीय, स्थान प्राप्त किया।

बोरी दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा एक में आरुष चौहान प्रथम, कुणाल चौधरी द्वितीय, यक्ष सैनी तृतीय कक्षा दो में युवराज प्रथम, प्रिंस द्वितीय, दृश्यम सिंह तृतीय बालिका वर्ग से कक्षा एक में तन्वी पाल प्रथम, आराध्या चौहान द्वितीय, मान्या ठाकुर तृतीय कक्षा दो में सनाया प्रथम, लावण्या द्वितीय, रमनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चम्मच दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग से कक्षा एक में युगांश प्रथम, यदुवंश द्वितीय, वेदांत तृतीय कक्षा दो में अदनान प्रथम, आरव चौधरी द्वितीय, आरव त्यागी तृतीय, बालिका वर्ग से कक्षा एक में द्राक्षिका प्रथम, आव्या बंसल द्वितीय, दीक्षिता तृतीय कक्षा दो में आकृति प्रथम, दृष्टि ठाकुर, द्वितीय कनिष्क ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बिजनौर में ढाई करोड़ की लागत से बनेगा कम्युनिटी सेंटर

## पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह व डा. बीरबल सिंह ने नींव रखी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के लोगों को मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए खुला स्थान उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत प्रदर्शनी मैदान में ढाई करोड़ की लागत से कम्युनिटी सेंटर एवं ओपन थियेटर का निर्माण होगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने शुक्रवार को इसका शिलान्यास किया। पालिकाध्यक्ष इंदिरा सिंह ने वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह के साथ हवन पूजन कर निर्माण कार्य की नींव रखी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि यह कम्युनिटी सेंटर एवं ओपन एंफी थियेटर नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसके बनने से नगर के लोगों को न केवल सामाजिक गतिविधियों के लिए स्थान मिलेगा, अपितु मनोरंजन के लिए भी मंच मिल सकेगा। महानगरों की तर्ज पर बिजनौर के निवासी आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ सभासद घनश्याम गुप्ता, जुल्फकार बेग उर्फ बेबी, दीपक गर्ग उर्फ मोनू, प्रिंस, रवि सिद्धार्थ, नीरज शर्मा, प्रभाकर, हितेश, ललित सैनी, विजेंद्र सिंह के अलावा नगरपालिका के कर अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता सिविल यशवंत सिंह, अवर अभियंता जलकल गौरव शर्मा, कर निरीक्षक सुंदर लाल व निर्माण लिपिक सोनिका आदि मौजूद रहे।

# चांदपुर में हॉकी टूर्नामेंट 19 से 23 नवम्बर तक

## जिलाधिकारी होंगी मुख्य अतिथि

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर स्पोर्ट्स सोसाइटी की ओर से 19 से 23 नवम्बर तक नगर स्थित हिन्दू इंटर कालेज में बाबू कैलाशचंद मित्तल एवं इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल नॉर्थ जोन विवेक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर होंगी। टूर्नामेट आयोजकों ने बिजनौर पहुंचकर जिलाधिकारी को आमंत्रित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में आने के लिए अपनी सहमति दी है। जिलाधिकारी को आमंत्रण पत्र देने वालों में सोसाइटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार, टूर्नामेंट इंचार्ज नदीम जकी, इमरान अहमद, नफीस अहमद, रऊफ अहमद, निर्मल चौहान, राहुल बंसल, रफीउल जमा, अफ़जल फारूकी, हनी तोमर, विकास गोयल, मेहर आलम एवं कौशिक चंद्र इत्यादि शामिल रहे।

# नांगल कॉलेज में मनायी गई बिजनौर टाइम्स की वर्षगांठ

**नांगल सोती ( चिंगारी )। जनपद बिजनौर के प्रथम दैनिक समाचार पत्र बिजनौर टाइम्स की 62 वीं वर्षगांठ पर स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में केक काटकर खुशी मनाई गई और बिजनौर टाइम्स के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।**

इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति में कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, प्रवक्ता हरवीर सिंह, बिजनौर टाइम्स ग्रुप के स्थानीय प्रतिनिधि रूकन राजपूत आदि ने केक काटकर बिजनौर टाइम्स की वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई। कॉलेज के कोषाध्यक्ष तथा बिजनौर टाइम्स के संस्थापक संपादक स्व. बाबू सिंह चौहान के मित्र, प्रसिद्ध शिक्षाविद स्व. रामपाल सिंह के सुपुत्र राघव प्रताप एड. ने कहा कि चौहान साहब ने मिशनरी पत्रकारिता की जो लौ जलाई थी, उसे बिजनौर टाइम्स ग्रुप ने आज भी पूरी शिद्दत से जलाकर रखा है। इस ग्रुप ने अपने सिद्धांतों, पत्रकारिता के मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया है।

वरिष्ठ प्रबंधक केशव शरण एवं प्रवक्ता हरवीर सिंह ने कहा कि बिजनौर टाइम्स ग्रुप ने इस दौर में भी पत्रकारिता में अपना विशेष स्थान बनाकर रखा हुआ है। इस ग्रुप ने सदैव स्वच्छ, ईमानदार एवं जनहितैषी पत्रकारिता की है। पत्रकार रूकन राजपूत ने बिजनौर टाइम्स ग्रुप के गौरवशाली एवं संघर्षों से परिपूर्ण इतिहास को सबके समक्ष रखते हुए कहा कि इस ग्रुप ने जिन भयानक झंझावतों को झेला है, उनके बीच जिंदा रह पाना भी मुश्किल है। लेकिन यह संस्थान कभी भी अपने सैद्धांतिक मार्ग से तनिक विचलित नहीं हुआ। इसलिये इस संस्थान का सम्मान और विश्वास जनता के बीच लगातार बना हुआ है। सर्वेशचन्द्र शर्मा, राकेश सैनी, बसंत यादव, डा. श्याम सिंह वित्तेश, विवेक कुमार, अमित शर्मा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।



# वर्धमान कॉलेज में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

## अवनीशा व आयुषी ने पाया प्रथम स्थान

**बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज के वाणिज्य संकाय के वाणिज्य संघ द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता निजीकरण शिक्षा के विकास में सहायक है विषय पर आयोजित की गई।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना, विभागाध्यक्ष डॉ. नितेश गुप्ता, वाणिज्य संघ अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल, प्रोफेसर सर्वेश कुमार शीतल विवेक विश्वविद्यालय और ज्योति कर्णवाल आरबीडी कालेज द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्राओं अंशिका, यशी, रिया और कीर्ति द्वारा सरस्वती वंदना की गई। संघ के वरिष्ठ अध्यक्ष डॉ.राजीव कुमार अग्रवाल ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय में प्रकाश डाला। 12 से अधिक विद्यार्थियों ने विषय के पक्ष में और 20 से अधिक विद्यार्थियों ने विषय के विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में विषय के पक्ष में प्रथम पुरस्कार आयुषी चौधरी, द्वितीय पुरस्कार वंशिका रोहिला, तृतीय पुरस्कार काजल सिंह को मिला तथा विपक्ष में प्रथम पुरस्कार अवनीशा अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार रिद्धि चावला, तृतीय पुरस्कार वैष्णवी को मिला, साथ ही चार प्रतिभागियों दिव्यांशी, श्रुति राजपूत, गुंजन, दीक्षा चौधरी को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.काम द्वितीय की छात्रा जान्हवी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशू शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. जयदीप के साथ वाणिज्य संकाय शिक्षक नितेश गुप्ता, डॉ. दिव्या जैन, डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल, डॉ. अचिन्त्य गुप्ता, डॉ. अनूप गुप्ता, मोहम्मद तारिक़ सहित वाणिज्य संकाय के वैसानकी, श्रुति, आन्या, अवनीशा, दिव्यांशी, हिमांशु, हरनाम सिंह, काजल, पूजा कुमारी, आयुषी, आकांक्षा, अम्बर, वंशिका रोहिला, जुबेर मलिक, सानिया, आयुषी चौधरी, कीर्तिका, आर्यन, सुमित, दीक्षा, रवि राजपूत, वैष्णवी आदि विद्यार्थियों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया।



# नीतीश कुमार न टायर्ड, न रिटायर्ड

## पलटूराम के लग रहे आरोप जनता की अदालत में खारिज

देवराज सिंह

**पटना ( चिंगारी )**। बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद महागठबंधन के हौसले पूरी तरह से पस्त हो चुके हैं। नीतीश कुमार की आंधी में विपक्ष तितर-बितर हो गया है। हालांकि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत और उनकी बढ़ती उम्र को विपक्ष ने बड़ा मुद्दा बनाया था। यही नहीं राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर समेत कई विपक्षी नेताओं ने नीतीश कुमार को 'पलटूराम' कहकर निशाना साधा था। अब उसी नीतीश कुमार ने बिहार चुनाव में सारे सियासी समीकरण में ही उलटफेर कर दिया है। नीतीश कुमार के सियासी उलट-पलट में विपक्ष का गर्दा उड़ गया।

बिहार विधानसभा चुनाव के शंखनाद से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उम्र को लेकर सवाल किये जा रहे थे। इन सवालों ने नीतीश कुमार के सियासी करियर को मुश्किल में डाल दिया था। महागठबंधन लगातार रोजगार और पलायन के मुद्दे पर नीतीश सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहा था। लेकिन 75 की उम्र पार कर चुके नीतीश कुमार ने चुनाव में ऐसी सियासी बिसात बिछायी कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के सारे दांव धरे के धरे रह गये।

### सत्ता के लिए पलटी मारने का आरोप

महागठबंधन के नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान नीतीश कुमार पर सत्ता के लिए पलटी मारने के आरोप लगाए। इसके साथ ही नीतीश पर वादाखिलाफी और ईवीएम से वोट चोरी के आरोप भी लगाए गए। तेजस्वी यादव ने हर घर सरकारी नौकरी और महिलाओं को लुभाने की भरसक कोशिश की। तेजस्वी यादव ने युवाओं को भी अपने खेमे में खड़े करने की पुरजोर कोशिश की। उम्रदराज नीतीश कुमार ने चुनावी रणभूमि में लगभग 90 जनसभाएं कीं। खराब मौसम और भारी बारिश में भी वह सड़कों पर जनता के बीच पहुंचे। नीतीश कुमार आखिरी दिन तक मैदान में डटे रहे। उनकी इस सक्रियता ने यह साबित कर दिया कि वह उम्र में भले



ही 75 साल के हो गये हो, लेकिन अभी भी बिहार की जनता की बेहतरी के लिए उनका उत्साह कम नहीं हुआ है। वह न तो टायर्ड हैं और न ही रिटायर्ड हैं। इस बार बिहार की सड़कों पर भी नीतीश कुमार के पोस्टर्स लगे हुए दिखायी दिये, जिसमें लिखा था कि टाइगर अभी जिंदा है।

### सोशल इंजीनियरिंग हुई सफल

नीतीश कुमार ने अपनी हर रैली में एक ही बात दोहरायी कि अब वह कहीं भी नहीं जायेंगे। भाजपा के ही साथ रहेंगे। मुख्यमंत्री ने लगातार एकजुटता को मजबूत करने की कोशिश की। नीतीश के सामने आरजेडी ने सियासी फॉर्मूले से उनको पस्त करने की कोशिश की। लेकिन नीतीश कुमार की सोशल इंजीनियर के फंडे ने विपक्ष की सारी स्ट्रेटजी पर पानी फेर दिया। बिहार का 36 फीसदी अति पिछड़ा वर्ग नीतीश कुमार के साथ जुड़ा रहा।

### आधी आबादी का भरोसा

नीतीश कुमार को चुनाव को शिकस्त देने के लिए विपक्ष ने आधी आबादी के लिए कई लोक-लुभावन वायदे किये। लेकिन नीतीश कुमार की लगभग 40 फीसदी '10 हजारी' महिलाओं ने उनका भरपूर सहयोग किया। नीतीश कुमार की सत्ता में धमाकेदार वापसी में महिला वोटर्स का अहम रोल है। साल 2005 से बिहार की सत्ता में काबिज नीतीश कुमार ने यह साबित कर दिया है कि वह बिहार की सत्ता की धुरी है। वह बिहार के किंगमेकर नहीं बल्कि किंग है। नीतीश कुमार के बिना किसी की भी सरकार बिहार में नहीं बन सकती है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम से यह साफ हो गया है कि नीतीश कुमार को सीएम की कुर्सी से हिला पाना भी नामुमकिन ही है।

## कृष्णा कॉलेज के विद्यार्थियों ने अमानगढ़ में की जंगल सफारी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। कृष्णा कॉलेज बिजनौर के दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी की। केहरीपुर



जंगल स्थित कैंप कार्यालय परिसर में अमानगढ़ वन रेंज की क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने छात्र-छात्राओं को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता के बारे में विस्तार से बताया। जंगल सफारी से वापस लौटे छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिकाएं वहां की प्राकृतिक सुंदरता को देख प्रसन्नचित नजर आए। टूर में विद्यार्थियों के साथ डॉ. पूनम गुप्ता, श्रीमती अदीबा, डॉ. सोना सिंह व श्रीमती संचित आदि शिक्षिकाएं रहीं। डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण पर आने वाले सभी छात्र स्नातक विज्ञान वर्ग के हैं, जिन्हें प्रकृति के बारे में जानना व पहचानना इस टूर का उद्देश्य है।

## जीएसएन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**हल्दौर ( चिंगारी )**। जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर में 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के उपलक्ष में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को चार ग्रुप में विभाजित किया गया। ग्रुप ए (प्ले से यूकेजी) में स्लो वॉकिंग रेस, एक्शन कॉपी गेम, बैलेंसिंग रेस और म्यूज़िकल चेयर, ग्रुप बी (कक्षा 1 से 5) में 50 मीटर दौड़, मेंढ़क कूद, खो-खो तथा कैरम/लूडो प्रतियोगिताएं रखी गईं। जबकि ग्रुप सी (कक्षा 6 से 8) में खो-खो, कबड्डी, कैरम, लूडो, 100 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद व ग्रुप डी (कक्षा 9 से 12) के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, कबड्डी, शतरंज/लूडो, बैडमिंटन, 200 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद की प्रतिस्पर्धाएं कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल बच्चों के जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना विकसित करते हैं तथा ऐसे आयोजन उनके संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का संचालन विकास पंकज ने कुशलता के साथ किया। इस अवसर पर छात्राओं बतूल, कनिका, भूमिका कुमारी, संगम तथा गुरदीप ने मधुर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। प्रवक्ता विक्रांत कुमार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि खेल व्यक्ति को हार से सीखकर आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। शिक्षाविद् नीता राजपूत ने सभी विद्यार्थियों को खेलते समय सावधानी व अनुशासन बरतने के लिए जागरूक किया तथा कहा कि सुरक्षित खेलना ही सच्ची खेल भावना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सहभागिता और ऊर्जा की सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षकों आशुतोष नागर, राकेश शर्मा, विशाल, ललित शर्मा, अपूर्व चौहान, अभिनव चौधरी, अरुण डबास, जितेंद्र, स्वाति पाराशर, काजल, निशु राजपूत, नमिता रस्तौगी, वर्षा, मानसी, गीता, प्रियंका चौधरी, दीप्ति, तनु तथा स्वाति वर्मा का विशेष योगदान रहा। सभी खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुईं और कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन बच्चों के उल्लास, सहभागिता और खुशियों से गूंजता रहा।

## फादरसन स्कूल में हुआ स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )**। फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर में 34वीं वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2025-26 का भव्य आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन किया गया। गणेश वंदना और स्वागत नृत्य ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के बाद पी.ई. टी. विभाग द्वारा मशाल प्रज्वलन कर 34वीं खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। फिजिकल डिपार्टमेंट हेड अर्चना के नेतृत्व में बच्चों ने शानदार मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। हेड गर्ल द्वारा ओथ सेरेमनी संपन्न हुई। इसके बाद विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले, लेमन रेस, सैक रेस, एट-एंड-एंजॉय रेस, हर्डल रेस, जंबल ड्रिल और टग ऑफ वॉर जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद सभी हाउसेज़ ने अपने-अपने स्कोर के आधार पर निर्धारित स्थान ग्रहण किए। इस वर्ष का कुल विजेता अमेज़न हाउस को घोषित किया गया, जिसने अद्भुत टीमवर्क और श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रेरणादायक संबोधन दिया गया। इसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और मार्गदर्शन पूर्ण उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।




गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# धामपुर की छात्रा कोपल शर्मा ने एम.कॉम. में की यूनिवर्सिटी टॉप

## राज्यपाल ने दिया गोल्ड मेडल

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर की प्रतिभाशाली छात्रा कोपल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में एम.कॉम में यूनिवर्सिटी टॉपर बनकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित 23 वे दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार, आईआईटी रोपड़ के निदेषक प्रो राजीव आहूजा, उच्च षिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, कुलपति प्रो केपी सिंह द्वारा कोपल शर्मा सहित अन्य छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। कोपल शर्मा की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कोपल शर्मा प्रथ्वीराज चौहान इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, धामपुर की होनहार छात्रा हैं, जो धामपुर के मेन मार्केट में पास रहती है, उनके पिता आलोक कुमार शर्मा रुड़की के गन्ना विभाग में सेवारत हैं और माता गरिमा शर्मा एक गृहिणी हैं। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कोपल शर्मा ने कहा कि उनके माता-पिता ने हर कदम पर उन्हें समर्थन दिया है, मैं बेहद भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसे माता-पिता मिले, उन्होन युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भगवान पर विश्वास रखें और अपना सर्वश्रेष्ठ दें, बाकी वह खुद संभाल लेंगे, भविष्य में कोपल पीएचडी करके सरकारी सेवा में अपना करियर बनाने की इच्छा रखती हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार का बल्कि पूरे धामपुर का नाम रोशन किया है।



छात्रा को मेडल पहनते हुए अतिथि।



## कन्या इंटर कॉलेज धामपुर में बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

**धामपुर (चिंगारी)।** कन्या इंटर कॉलेज में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चाचा नेहरू पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजयी छात्रों को प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिकाओं सविता रानी, नीरज, विनोद, अंजलि, सारिका एवं पूनम रानी आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स**
**मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना :** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मगन सिंह द्वारा संस्था मठ देवता रविदास समिति, ग्राम हकीमपुर काजी उर्फ कबाडीवाला पोस्ट जलालाबाद तहसील नजीबाबाद, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मगन सिंह-अध्यक्ष, 2. रेशमा-उपाध्यक्ष, 3. देवेन्द्र-सचिव, 4. कपिल कुमार-उपसचिव, 5. कपिल सिंह-संस्थापक संरक्षक, 6. बालम-कोषाध्यक्ष 7. दुष्यन्त सिंह-मंत्री 8. दीपक कुमार-मीडिया प्रभारी, 9. मीना, 10. वीर सिंह, 11. नरेन्द्र, 12. दलीप कुमार, 13. गगन कुमार, 14 पंकज-सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि० एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

## छात्राओं ने प्रदर्शनी लगाई, अपनी प्रतिभा दिखाई

**धामपुर (चिंगारी)।** लाल केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में एक से एक बढ़िया मॉडल पेश किया जिसे देखकर अतिथियों ने उनकी सराहना की और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य आभावती ने प्रदर्शनी में छात्राओं की मेहनत की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रबंध का शोभा रानी, पारुल अग्रवाल, अनीता गोयल, रश्मि गोयल, राकेश चंद, राजीव गोयल, अनुपम गोयल, संदीप गोयल, विनय कुमार अग्रवाल, नगर पालिका से नितिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि शामिल रहे।

मा. नरेंद्र मोदी जिंदाबाद! मा. योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद!







छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली की तर्ज पर **डबल सेंचुरी** के साथ **बिहार विधानसभा चुनाव** में **पूर्ण बहुमत** की एनडीए की सरकार बनने पर सभी को

**दिली मुबारकबाद**



**शमीम अहमद**
फल वाले

समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता,
पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद धामपुर
आवास अब्दुल अज़ीज़ चौक धामपुर

## बिहार में जीत पर खुशी मनाई भाजपा जिलाध्यक्ष को मिठाई खिलाई



**धामपुर (चिंगारी)।** बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में भाजपा नेता सौरभ ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के न्यू धामपुर सिटी कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें पटका पहनाया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत विकास की जीत है। इसके बाद सौरभ ठाकुर ने जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौहान को भी मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। कार्यक्रम में ललित सैनी (जिला महामंत्री युवा मोर्चा), मनोज चौहान, नितिन चौहान, टीकम सिंह, अनुभव सिंह, सुरेंद्र सिंह, गजेन्द्र शर्मा, राहुल गुज्जर, देव कुमार, शादान, हेमंत चौहान, गौरव चौहान, श्रीमती उमेश चौहान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर डीपीएस में हुई खेल प्रतियोगिताएं




**धामपुर (चिंगारी)।** पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय में खेल का आयोजन 12 नवंबर से प्रारंभ होकर 14 नवंबर तक चला। खेलों में टायर रेस, बैलेंस गेम, मेंढक रेस, मनोरंजन गतिविधियां, क्रिकेट, लेमन रेस, सैक रेस, रस्सी खींच आदि हुए। प्ले ग्रुप से कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में प्रतिभाग करके उच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चों का खेलों से ही शारीरिक मानसिक विकास होता है। बच्चों के विकास से ही देश का विकास होता है। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के साथ हुआ। यह दिन विद्यार्थियों के लिए अविष्करणीय बन गया है। अतः यह दिन हमें सिखाता है कि बच्चों का जीवन खुशियों से भरा होना चाहिए। खेल में सबसे ज्यादा आकर्षक का केंद्र क्रिकेट खेल रहा। जो छात्र छात्राओं एवं अध्यापक, अध्यापिकाओं के बीच हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं की टीम विजय रही। जिसमें रितिक कैप्टन, कुणाल, सुफियान, तरंग, सुभान, निदाउर, हमजा और सहायक क्रिकेटर रहे।

# बिहार से जो चुनाव परिणाम आये, उन्हें देखकर भाजपाई फूले नहीं समाये

## नया जोश आया जमकर जश्न मनाया


भाजपा जिलाध्यक्ष को मिठाई खिलाते हुए एश्वर्य मौसम चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए विशेषकर भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा कार्यकर्ता फूले नहीं समाये। नतीजे घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी भी की। पार्टी कार्यालय में देर शाम तक जय-जयकार और ढोल-नगाड़ों के बीच जश्न का माहौल बना रहा।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता एश्वर्य मौसम चौधरी, पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, क्षेत्रीय मंत्री हरजिन्दर कौर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पवन कुमार, दीपक गर्ग मोनू, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, जिला महामंत्री विनय राणा, विकास अग्रवाल, संजीव गुप्ता, मनदीप चौधरी, डा. रचना पाल, दुष्यंत, राजीव लोचन, विजेंद्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार में मिली विजय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों में जनता के विश्वास का परिणाम है। वरिष्ठ नेता एश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि बिहार के चुनाव परिणामों ने विपक्ष के दुष्प्रचार की पूरी तरह हवा निकाल दी। उन्होंने कहा कि देश की जनता पूरी तरह भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व ने देश को नई दिशा दी है।

# गुलदार ने महिला पर किया हमला, पीठ पर लगा पंजा

**शेरकोट ( चिंगारी )। खेत में काम कर रही महिला को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आये उसके पति व अन्य लोगों को देखकर गुलदार गन्ने के खेतों में घुस गया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव नूरपुर छीपरी निवासी पंकज कुमार और उनकी पत्नी 30 वर्षीय ऋतुराज देवी शुक्रवार की दोपहर जंगल में अपने खेत में काम कर रही थी। जबकि उसका पति कुछ दूरी पर काम कर रहा था। पंकज ने बताया कि इस बीच गन्ने के खेत से एक गुलदार निकल कर आया और उसकी पत्नी ऋतुराज पर हमला कर दिया। जिससे उसकी पत्नी की पीठ पर पंजे लगने से वह घायल हो गई। महिला के शोर मचाने पर पंकज और आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े, जिससे गुलदार ऋतु को छोड़कर गन्ने के खेत में घुस गया। महिला को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां से उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। इस घटना से खेतों पर काम करने वालों में दहशत व्याप्त हो गई। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, परंतु गुलदार का पता नहीं लग। ग्रामीणों ने वनविभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने मनाया बाल दिवस




**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने नगर के रेनबो स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी ने बाल दिवस पर सभी क्लब सदस्यों के साथ बच्चों के बीच रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता करायी। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉली जैन एवं टीचर्स ने अपने स्कूल में छोटे बच्चों की रेस बड़े ही मनोरंजक ढंग से करायी। इसके उपरांत सभी बच्चों का सामूहिक नृत्य हुआ। बच्चे बहुत ही सुंदर पोशाकों में सजे हुए थे, जिससे वातावरण बहुत ही सुंदर लग रहा था। स्कूल प्रांगण को सुंदर गुब्बारे, स्लोगन, पन्नियों से सजाया गया था। सचिव विनीता रघुवंशी ने बाल दिवस से संबंधित कुछ प्रसंग बच्चों को सुनाये। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मनुश्री ने रेस में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों में पुरस्कार वितरण किया। स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों में क्लब द्वारा टॉफियों का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष एवं सचिव ने मनुश्री अग्रवाल, रेखा अग्रवाल इत्यादि उपस्थित सदस्यों एवं प्रिंसिपल टीचर्स का आभार व्यक्त किया।

# बाल दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई




**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शुक्रवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए नगर के धामपुर रोड स्थित टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में शामिल नगर की कई महिलाओं श्रीमती शेफाली, श्रीमती रजनी, श्रीमती माधुरी बजाज व मोनिका गुप्ता ने परिणाम घोषित किया। तत्पश्चात स्कूल परिवार की ओर से विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिकाओं नजमा स्वालेहा, बुशरा खान, शारियां खान, तहूरा फरीदी व अकशां आदि की विशेष भूमिका रही।

# पुलिस ने वाहन चालकों को दी यातायात व साइबर क्राइम की जानकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर चालकों को यातायात व साइबर अपराध से जागरूक रहने की जानकारी दी।

शुक्रवार को शुगर मिल, बिजनौर में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर चालकों व लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जानकारी दी। अधिकारियों ने वाहन संचालन के दौरान सतर्कता, गति सीमा का पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवर लोडिंग के दुष्परिणाम, नशे की हालत में वाहन न चलाने और मोबाइल फोन के उपयोग से बचने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश साझा किए।

शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम्स, ईमेल व बैंकिंग ऐप्स के उपयोग के दौरान सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने व्यक्तिगत डेटा, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने की सलाह दी। साइबर अपराधों से बचाव के सरल और आवश्यक तरीके भी बताए गए। कार्यक्रम में अपराध निरीक्षक धीरेन्द्र गंगवार, यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन, प्रभारी यातायात सहित करीब 50 शुगर मिल/गन्ना सेंटर के प्रबंधकों, ट्रैक्टर-ट्रॉली व ट्रक चालकों, परिचालक आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# बाल दिवस का आयोजन, बच्चों ने मोह लिया मन



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्रायें


कार्यक्रम का शुभारम्भ करते विशिष्ट अतिथि, प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) में शुक्रवार को बाल दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया, जिसमें बच्चों ने बेहद शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, वयोवृद्ध श्रीमती रश्मि शर्मा, विशिष्ट अतिथि पत्रकार रूकन राजपूत, विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या करुणा शर्मा ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर भाषण, नृत्य, कविता पाठ, हास्य-व्यंग्य के कार्यक्रम और शायरी आदि की प्रस्तुति दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों एवं विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 की छात्राओं दीपांशी और अन्विशा ने संयुक्त रूप से किया। एकेडमी के प्रबंधक कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या करुणा शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता संग्राम एवं देश के निर्माण, प्रगति में उनके योगदान का वर्णन किया। बच्चों को सुन्दर कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिये बधाई देते हुए अपनी प्रतिभा को और निखारने के लिये प्रेरित किया। अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें चॉकलेट वितरित कीं। विशिष्ट अतिथि पत्रकार रूकन राजपूत ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के परिश्रम और अनुशासन को प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम प्रभारी सारिका, रीता, शिवानी, वैशाली, पूजा, चांद बी, शबाना, चेतना, मीनाक्षी, समीना, अंकित, श्यामजीत और राहुल का आयोजन में विशेष योगदान रहा। जलेंदर, वंदना, पिंकी और किरण का भी योगदान रहा।

# यह सुशासन की जीत- तपराज



## भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाजपा के गजरौला पाईमार मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय के आवास पर बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिलने और सीटों के लिहाज से भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के सुशासन की जीत है। बिहार की जनता ने जंगलराज को नहीं सुशासन को चुना है। देशभर की जनता को मोदी जी पर विश्वास है, जो पिछले 10-11 वर्षों में लगातार मजबूत हुआ है। जिला मंत्री बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, संदीप तायल, विपिन राज चौहान, चौ. ईशम सिंह, आर्य वीरेन्द्र शर्मा, मुकुल रंजन दीक्षित, राजकुमार प्रजापति, अभिषेक यादव, मोहित चौहान, सचिन देशवाल, निखिल कुमार सहित काफी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वन विभाग की भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल पर ट्रैक्टर चलाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वन विभाग एवं राजस्व विभाग की टीमों ने गंगा खादर क्षेत्र में पैमाइश करके वन विभाग की भूमि पर खड़ी लगभग 25 बीघा गन्ने की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। शुक्रवार को वन विभाग ( रिजर्व फोरेस्ट ) के डीएफओ अभिनव राज, राजगढ़ रेंज के रेंजर विजेन्द्र प्रताप सिंह, साहनपुर रेंज के रेंजर राजेश शर्मा, कौड़िया रेंज के रेंजर सचिन शर्मा विभागीय टीम, राजस्व टीम एवं पुलिस टीम के साथ नांगल सोती के गंगा खादर क्षेत्र में पहुंचे और मौजा नांगल में वन विभाग की भूमि की पैमाइश कराई। पैमाइश के उपरान्त वन विभाग की लगभग 25 बीघा भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करते हुए कब्जामुक्त कराया गया। राजस्व टीम में लेखपाल सत्यनारायण एवं सुभाषचन्द शामिल रहे।


डीएफओ के नेतृत्व में अपनी भूमि को कब्जामुक्त कराती वन विभाग की टीम

# बाल दिवस पर हुई प्रतियोगिता


प्रतियोगिता में पंजा लड़ाते छात्र

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में खो-खो प्रतियोगिता, पंजा प्रतियोगिता, रस्साकशी प्रतियोगिता तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय परिवार द्वारा अत्यन्त हर्ष एवं उत्साह के साथ बाल दिवस मनाया गया। रस्साकशी प्रतियोगिता में कक्षा 7 की टीम विजयी रही। खो-खो प्रतियोगिता में कक्षा 8 की टीम विजयी रही और कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा 6 की टीम विजयी रही। स्कूल के एम.डी. डालचन्द पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत सहित समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनायें देते हुए उन्हें अच्छाई और सच्चाई के पथ पर चलने हेतु प्रेरित किया।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण मण्डल,
बिजनौर

ई-निविदा सूचना सं0-03 / एस0ई0 / 2025-26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन लाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड व फाइनेन्शियल बिड, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में निम्नांकित तालिकानुसार वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक-17.11.2025 पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक-21.11.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाईन ई-निविदा की प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक-22.11.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिचाई विभाग, उ0प्र0 मुरादाबाद द्वारा गठित निविदा समिति/अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाई होने वाले निविदाताओं की सूची अपलोड किये जाने के उपरान्त उनकी फाइनेंशियल बिड दो दिवस उपरान्त खोली जायेगी। इस बीच की अवधि में टेक्निकल बिड के सम्बन्ध में आपत्तियां दर्ज करायी जा सकेगी, इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने अथवा तकनीकी कारणों की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। वेबसाइट पर ई-निविदा प्रपत्र दिनांक-17.11.2025 को पूर्वाह्व 10.00 बजे से उपलब्ध होगा।

| लाट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+स्टेशनरी (जी0एस0टी0 सहित रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण की श्रेणी | कार्य से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | जनपद बिजनौर में अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण मण्डल, बिजनौर व अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर के नये कार्यालय भवन के निर्माण की परियोजना। | 476.00 | 9.52 | 2354.00 | 12 माह | सिंचाई विभाग में 'ए' एवं 'ए' से उच्च पंजीकृत श्रेणी | अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड-4, बिजनौर |

1. यह ई-निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.gov.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध है।
2. ई-निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी।

R.O.No. 240387 Date: 13-11-2025
UPID.www.upgov.nic.in

(रविन्द्र कुमार चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता

# दिन में कई घंटे बंद रहता है चंदक फाटक

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** मंडावली-बिजनौर जिला मार्ग पर चंदक में स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन लगने वाले भयंकर जाम ने लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। यहां से 'हीरा रेल लाइन' गुजरने के कारण यह फाटक दिन में कई घंटे बंद रहता है। क्षेत्रवासियों ने यहां फ्लाई ओवर या अंडरपास बनाये जाने की मांग की है।

## जाम लगता है बार-बार लोगों का जीना दुश्वार

'चिंगारी' ने अपनी जनहित की पत्रकारिता के संकल्प के तहत कई बार चंदक रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले भयंकर जाम के दृष्टिगत यहां फ्लाई ओवर या अंडरपास बनाये जाने की मांग उठाई है। यह रेलवे फाटक मंडावली से वाया नांगल एवं चंदक होकर बिजनौर जाने वाले जिला मार्ग पर स्थित है। नांगल, चंदक, मंडावर, बिजनौर क्षेत्रों के व्यक्तियों के लिये यह मार्ग, मुख्य मार्ग है। जिस रेल लाइन पर यह फाटक स्थित है, वह लाइन रेल विभाग की 'हीरा लाइन' कहलाती है और हावड़ा से जम्मूतवी तक जाती है। इस हीरा लाइन से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेनें गुजरती हैं। इसके चलते यह रेलवे फाटक अक्सर बंद रहता है। इस फाटक से 4-5 किमी. की दूरी पर उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर स्थित है। इस फाटक से गुजरकर मिल में प्रतिदिन कई सौ ट्रैक्टर-ट्रॉले और ट्रैक्टर-ट्रॉली गन्ना पहुंचाते हैं। इस फाटक के एक तरफ नजीबाबाद विस क्षेत्र और नगीना लोस क्षेत्र है, तो दूसरी तरफ बिजनौर विस और लोस क्षेत्र हैं। सैकड़ों गांवों के लोगों के लिये यही मार्ग आवागमन हेतु मुख्य मार्ग है। मगर यहां अक्सर जाम रहता है। जाम में गन्ने के वाहन फंस जाने के कारण कई बार यह जाम कई किमी. की दूरी तक फैल जाता है। उसमें एंबुलेंस और स्कूली वाहन भी फंस जाते हैं। लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। बालावाली-मंडावर मार्ग से जुड़े रायपुर मार्ग का चौड़ीकरण हो जाने पर इस मार्ग पर यातायात का दबाव और बढ़ेगा। रालोद के सांसद चंदन चौहान ने भी क्षेत्रवासियों की मांग का समर्थन करते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखा है। रालोद नेताओं एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, शिवम राणा, चौ. ब्रजवीर सिंह, वीरपाल चौधरी तथा क्षेत्रवासियों कुलवीर सिंह, सुधीर चौधरी, साधुराम सिंह, सिंधुराज सिंह, राजपाल सिंह आदि ने सांसद चंदन चौहान का पत्र लिखने के लिये धन्यवाद करते हुए उनसे इस कार्य को कराने में व्यक्तिगत रुचि लेने की अपील की है।




# हेज़लमून में बाल दिवस मनाया हर्षोल्लासपूर्वक

**चांदपुर ( चिंगारी )। द हेज़लमून स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने बच्चों के प्रति अपने स्नेह और शुभकामनाएं व्यक्त कीं।**

## शिक्षकों ने विशेष प्रार्थना-सभा का किया आयोजन

इस अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं ने 'चिल्लर पार्टी' फ़िल्म देखी और पॉपकॉर्न का आनंद लिया। फ़िल्म के माध्यम से बच्चों ने सीखा कि एकता, दोस्ती, सहानुभूति और करुणा जैसे गुण जीवन में कितने आवश्यक हैं। किंडरगार्टन विंग में पिकनिक पॉटलक का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने घर से लाया स्वादिष्ट भोजन आपस में साझा किया और खूब आनंद लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने फन रेस और डांस में भाग लेकर दिन को और भी यादगार बना दिया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें यह याद दिलाता है। बच्चा अनमोल है, उनके भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रेम, सम्मान और अवसर देना ही द हेज़लमून स्कूल की सबसे बड़ी सफलता है। विद्यालय के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं, उन्हें सही दिशा देना ही शिक्षा का उद्देश्य है। प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने स्नेहपूर्ण संदेश में कहा कि बाल दिवस बच्चों के लिए ही नहीं, बल्कि हम बड़ों के लिए भी एक याद दिलाने वाला दिन है कि हमें अपने भीतर के बच्चे को जीवित रखना चाहिए।



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह निवासी बुखारा कालोनी ई-19 विदुर कुटी रोड बिजनौर के पुत्र के जन्म का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद बिजनौर के जन्म पंजीकरण रजिस्टर वर्ष 2021 के रजिस्ट्रेशन संख्या B-2021:9-90036-009622 पंजीकरण दिनांक 25.08.2021 पर अंकित है। इस रजिस्ट्रेशन में जन्म दिनांक-21.04.2009 अंकित है। उक्त में जन्म दिनांक सही कराने हेतु प्रार्थी द्वारा उक्त जन्म प्रमाण को निरस्त कराने का अनुरोध किया गया है।

अत: समस्त सम्बन्धित एवं असंबन्धित से अपेक्षा की जाती है कि यदि उक्त जन्म प्रमाण-पत्र के निरस्तिकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना चाहे तो वह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के द्वारा इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति अथवा प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निरस्त करने की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी।

**आज्ञा से:- नोडल अधिकारी ( जन्म-मृत्यु )**
कार्या. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# भाजपाइयों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया, बिहार के चुनाव में जीत का जश्न मनाया

**चांदपुर ( चिंगारी )। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी छाई हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में अनेक स्थानों पर आतिशबाजी कर व एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जमकर जश्न मनाया।**

शुक्रवार को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी के आवास पर इकट्ठा हुए तथा बिहार में एनडीए को मिले प्रचंड बहुमत पर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह, दिनेश सैनी, सुभाष चौहान, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, फीना मंडल अध्यक्ष नवनीत राणा, जलीलपुर मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, रजनीश चौहान, केशव चौधरी, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष संध्या शर्मा, कमल चौहान, मनदीप चौधरी, हरीराज सिंह आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुहल्ला गोकुलनगर में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी के आवास पर कार्यकर्ताओं ने बिहार में एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश पर आतिशबाजी कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर कपिल चौधरी, पुष्कर सिंह, सुभाष सिंह, मंजीत सिंह, सुमित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, नवनीत राणा, विपिन अग्रवाल, देव अग्रवाल, गौरव लाम्बा आदि मौजूद रहे। शंकर मूर्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक कुमार नेताजी, अवनीश त्यागी, राजेन्द्र त्यागी, पल्लव अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल आदि ने एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया। मुहल्ला गोकुलनगर में आशू गोयल ने भी एनडीए की शानदार जीत की खुशी में लोगों का मुंह मीठा कराया।





# पत्नी को खुदकुशी के लिये विवश करने वाले नाज़िर को 4 साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर चार निजेंद्र कुमार ने दहेज की मांग को लेकर पत्नी को आत्महत्या के लिए विवश करने के मामले में पति नाजिर को चार वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार नदीम ने थाना किरतपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि उसने अपनी पुत्री खुशनुमा का रिश्ता नाजिर पुत्र अनवर निवासी मोहल्ला हवेलीलां थाना नजीबाबाद के साथ घटना से चार महीने पहले किया था। घटना से लगभग दो महीने से नाजिर लेनदेन को लेकर खुशनुमा को प्रताड़ित कर रहा था। वह जेवर और गाड़ी की मांग को लेकर खुशनुमा को परेशान करता था, जिस कारण दोनों में अनबन रहने



लगी और खुशनुमा कुछ दिन से परेशान रहने लगी। आरोप लगाया कि दो जून 2021 को दोपहर के समय खुशनुमा ने कमरे में छत पर बने पंखे में दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नदीम का कहना है कि वह आंखों से अंधा है और उसकी पत्नी गूंगी और बहरी है और नाजिर ने उनके साथ अन्याय किया है। उसे सख्त सजा दी जाए। इस मामले में थाना किरतपुर में नाजिर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान गवाह नदीम अहमद इब्राहिम, साजिद, शाहिद, एस आई अमर सिंह, एस आई मीर हसन, डॉक्टर नवीन कुमार और निरीक्षक चंद्रवीर सिंह के बयान न्यायालय में दर्ज कराए गए। इस मामले में न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने नाजीर को दोषसिद्ध पाकर चार वर्ष की कैद और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# पंडित नेहरू की जयंती मनाई

**हल्दौर (चिंगारी)।** हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.योगेंद्र कुमार ने स्टॉफ और छात्र-छात्राओं सहित पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि बच्चों को बाल व्यापार, यौन दुर्व्यवहार, बाल विवाह, बाल श्रम, खराब स्वास्थ्य, शिक्षा कुपोषण जैसी समस्याओं से बाहर निकलना होगा। बच्चें इस देश का भविष्य हैं, कल है। इसे संवारना होगा। हमारी सरकारों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शिक्षा



स्वास्थ्य सुनिश्चित करना होगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत में बाल दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है यह दिन हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। नेहरू जी बच्चों से बहुत अधिक प्रेम करते थे और हमेशा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते थे। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थेव इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बिरसा मुंडा की जयंती मनाई, निबंध प्रतियोगिता भी कराई



**नहटौर (चिंगारी)।** डिग्री (पी. जी.) कालेज, नहटौर में आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर महाविधालय के प्राचार्य डॉ. संजीव गौड ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने एक अभियान चलाया और नारा दिया कि अपना देश,अपना राज, देश हमारा है तो राज भी हमारा ही होना चाहिए । विदेशी हुकुमत भारत में राज न करें । इस पर ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और मात्र 25 साल की अल्पायु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाले समाज के लिए अहम लड़ाई लड़ी इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कु. तसमीया ने,द्वितीय स्थान कु. शबनूर ने तथा कु. मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अक्सर पर सीमा शर्मा, मोक्षपाल यादव, दुष्यंत कुमार, यशपाल सिंह, संजीव राजपूत, पंकज शर्मा, आबिद हुसैन, विपिन सैनी, आराधना त्यागी, गुलअक्शा आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# छात्रों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**नहटौर (चिंगारी)। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सचिन चौधरी जी ने किया। बृहस्पतिवार को जागरूकता रैली ग्राम गंगोड़ा शेख से शुरू होकर गंगोड़ा जट में समाप्त हुई। छात्र-छात्राओं ने खूब पढ़ेंगे, आगे बढ़ेंगे आदि नारों के माध्यम से शिक्षा की अनिवार्यता की अलख जगाई। ग्रामीण और अभिभावकों ने सराहना की ।रैली के दौरान वैशाली पाल, हिरेंद्र सिंह, शलभ त्यागी व अंतेश सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।**

# बिहार से जीत की ख़बर आई ख़ुशी से झूम उठे भाजपाई



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बिहार चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत की घोषणा होते ही नगर के भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उत्साह से भर उठे। जीत की खुशखबरी मिलते ही कार्यकर्ता एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का परिणाम है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाइयाँ देते हुए पार्टी की आगे की रणनीतियों पर भी चर्चा की। बिहार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना, अजय कौशिक, अनुज वर्मा, संदेश कुमार, भीम सिंह रावत, अनिल कुमार, निर्मल चीलवाल, अरुण विश्नोई, आदित्य चौधरी, सतीश कंबोज, विमल गुप्ता, सुरेश वर्मा, अंकुर अग्रवाल, शेरा, ठाकुर साहब आदि शामिल रहे।

# बिहार से शानदार रिज़ल्ट आया भाजपाइयों ने खूब जश्न मनाया



**नहटौर (चिंगारी)।** बिहार के चुनाव में एनडीए गठबंधन को जीत मिलने पर भाजपाईओ ने जमकर जश्न मनाया। उन्होंने बिहार की जीत को सुशासन की जीत बताया। मोहल्ला चौधरीयान में भाजपा नहटौर मंडलाध्यक्ष वैभव गोयल के नेतृत्व में भाजपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। उन्होंने दावा किया बिहार की जनता सुशासन को जिताया है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, कपिल शर्मा, राहुल चौधरी, महावीर सैनी, प्रशांत वर्मा, गौरव, कमल सैनी, तेजपाल सैनी,विनित गोयल, बिट्टू सभासद, श्रवण कुमार, निश्चल, विनिता शर्मा, अंशित जैन, रामगोपाल सैनी, हिमांशु पाराशर, शोभित त्यागी, आकाश कुमार,आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

**हल्दौर (चिंगारी)।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हल्दौर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन बाल दिवस के दिन हुआ। तृतीय दिवस के खेल समाप्त होने पर प्रबंध समिति के आयुष रस्तौगी, प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने सामूहिक रूप से पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित किए, तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में कहा यह दिन बच्चों की मासूमियत, उनकी खुशियों और उनके उज्जवल भविष्य को समर्पित होता है। 'फूलों की तरह खिलते हैं बच्चे' और 'बच्चे होते हैं मन के सच्चे' एवं बताया कि बाल दिवस क्यों और कब से मनाया जाता है। यह दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिन को भी याद दिलाता है, जिन्हें बच्चों से बहुत प्रेम था। आप भी यह दिन उत्साह के साथ मनाएं और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। अंत में सभी विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें कबड्डी में कक्षा 4 से 6 तक में प्रथम स्थान कुशविंद्र एवं द्वितीय स्थान आर्यन, 7 से 8 में प्रथम स्थान शौर्य की टीम एवं द्वितीय स्थान आयुष्मान की टीम का रहा, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अवनी द्वितीय स्थान जानवी, फ्रॉग रेस में प्रथम स्थान विहान, अनंत, अभिनव, कियारा, रिदा, आराध्य, फूड ईटिंग रेस में अली, टीना, बैग पैकिंग रेस में अरहान, श्रृष्टि आदि ने अपना स्थान प्राप्त किया।



100 मीटर रेस ने बालक वर्ग ने हादी ने प्रथम, ध्रुव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, रिले रेस में बालक वर्ग में मेहुल रस्तौगी, यश, वंश आदि ने अपना अपना स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में गीतीश, अभियु, नैतिक आदि ने भी अपना अपना स्थान प्राप्त किया, लेमन रेस में जिया, रिदा ने भी अपना अपना स्थान प्राप्त किया। तृतीय दिन के खेल समापन के उपरांत विद्यालय के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार शर्मा, प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी एवं प्रबंध समिति की सरिता शर्मा, श्रुति रस्तौगी, प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ एवं समस्त स्टॉफ ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाल दिवस पर बच्चों ने स्टाल लगाए, मनपंसद व्यंजन बनाए



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इण्टर कॉलेज में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के मनपसंद व्यंजनो व गेम्स के स्टॉल भी लगाये गये। मेले का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक खुर्शीद आलम एड. व प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने पानीपुरी, गोमोज, भेलपुरी, चना दाल, छोले चाट व विभिन्न गेम्स की स्टाल लगाई गयी। प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा के निर्देशन में आयोजित मेले में विद्यालय के सभी बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनो का लुत्फ उठाया व गेम्स खेले। प्रबन्धक खुर्शीद आलम ने बच्चों को प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाए शगुफ्ता रहमान, बुशरा रहमान, फरहा, फौजिया, गुलिस्ता, रुकैय्या आदि का सहयोग रहा।

## लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्याग बच्चों की दिव्यागतां के प्रकारों की पहचान कर उनको समान्य बच्चों के साथ सहायता से शिक्षा देने के उद्देश्य से को लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिन का ब्लॉक संसाधन केंद्र पर प्रशिक्षण दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना तथा समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक लियाकत अली के निर्देशन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षक उपासना सिंह, नाजिम अली तथा रंजीत यादव ने दिव्याग बच्चों की दिव्यागता की पहचान कर उनको उचित सहायता देने तथा विभाग की ओर से उनको दी जा रही सुविधाओं के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। पूर्व बीआरसी समन्वयक मोबीन हसन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से को लोकेटेड प्री प्राइमरी विद्यालयों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर उनके साथ अच्छा व्यवहार के माध्यम से उन्हें उनके अनुरूप शिक्षा देने की बात कही। प्रशिक्षण में बृजेश देवी, शोभा रानी, अमृता रानी, रेशमस परवीन, ममता रानी, कुसुम देवी सहित 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## एच.एम. पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

बिजनौर (चिंगारी)। शुक्रवार को हरपति मेमोरियल पब्लिक स्कूल नगीना रोड बिजनौर में बाल दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रात: काल अध्यापकों अध्यापिकाओं द्वारा असेंबली प्रस्तुत की गयी । होस्टिंग रश्मि, पूजा, अरुणा ने हिंदी कविता शिखा ने अंग्रेजी में योगेंद्र सिंह ने हिंदी में नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डाला व उनके विचार प्रस्तुत किये। सर्वप्रथम स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी, प्रबंधिका कुसुम चौधरी ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित करके पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित किए।



प्रधानाचार्य संजीव सहरावत व दिलावर सिंह ने भी पुष्प अर्पित किए। नागेंद्र सिंह द्वारा वंदना प्रस्तुत की गयी। बाल दिवस के अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रक्षा, सुमैया, प्रतीक्षा, हंसिका, आराध्या आदि छात्राओं ने डांस प्रस्तुत किया। बाल दिवस के इस मौके पर मयंक सिंह, दिलावर सिंह, नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यापिकाओं द्वारा शिक्षा पर आधारित एक हिंदी नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें लक्ष्मी, आंचल, सुमन, अंशु, वंदना, संध्या व अध्यापक प्रदीप सिंह, मयंक सिंह ने भाग लिया । अंत में स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, बच्चों को प्यार, शिक्षा और सुरक्षा मिलनी चाहिए । बच्चों का भी कर्तव्य होता है कि वह भी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठ होकर शिक्षा ग्रहण करें।

## शबाना खान की दुनिया की दूसरे नम्बर की कम्पनी में ज्वाईनिंग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर की आजादनगर कालोनी निवासी सपा नेता मौ. फुरकान खां की छोटी बहन शबाना खान पुत्री मरहूम सरदार खान ने यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिघम, यूनाइटेड किंगडम से एमएससी ( स्नातकोत्तर, कम्प्यूटर विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ) परीक्षा फर्स्ट डिवीजन व मेरिट से पास की है। साथ ही नामी कम्पनी की संस्थापक एवं सीईओ ने अपने आर्टिकल में शबाना खान के प्रोजेक्ट रिसर्च की तारीफ की। नीदरलैंड स्थित दुनिया की दूसरे नम्बर की आईटी कम्पनी में ज्वाईनिंग कर अपने शहर व जिला तथा परिवार का नाम रोशन किया है। वर्ल्ड की सेकेंड नम्बर की यह आईटी कम्पनी यूरोप के देश नीदरलैंड में स्थित है। शबाना खान के यह मुकाम हासिल करने पर परिजनों ने खुशी जताते हुए उसकी आगे भी इसी तरह से तरक्की की दुआ की है।**



**विदेश तक शिक्षा में नाम रोशन करने वाली शबाना खान।**

# नजीबाबाद के टॉपर्स व दीगर शख्सियात को सम्मानित किया



### शायर सज्जाद झंझट, निकहत अमरोही व अना देहलवी को भी सम्मान

नजीबाबाद (चिंगारी)। पब्लिक वैलफेयर सोसाइटी, नजीबाबाद की ओर से बीती रात नगर के होटल इंद्रलोक में एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें नजीबाबाद विधानसभा के टॉपर्स एवं दीगर शख्सियात को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जमील अहमद अंसारी व सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी एवं ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट नफीस अहमद कुरैशी ने देश के प्रसिद्ध शायर सज्जाद झंझट रूड़की, निकहत अमरोही व डॉक्टर अना देहलवी, एचएमएच हॉस्पिटल के डॉक्टर गुलफाम के साथ नगर के अनेक गणमान्य लोगों तथा मीडियाकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध शायरों सज्जाद झंझट रूड़की, निकहत अमरोही व डॉक्टर अना देहलवी ने अपना कलाम सुनाकर दर्शकों को दाद देने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि उनका मकसद क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मान देकर उनकी हौसला अफजाई करना है। वह जनता के बीच में रहकर उनकी खिदमत करते आए है आगे भी यह काम जारी रखेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोसाइटी के अध्यक्ष शकील मंसूरी एडवोकेट, डॉ. केसी मठपाल, सपा नेता डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति मौ. रफी, बिजनौर की पूर्व चेयरपर्सनपति शमशाद अहमद, डॉ. गुलशन बिजनौरी, एसके बबली एड., संजीव माहेश्वरी एड, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., बार संघ के पूर्व अध्यक्ष वसीम अहमद एड., खुर्शीद शेख, हाजी युनूस कुरैशी, हाजी मौ. फैसल, अलीशेर कुरैशी, कदीर कुरैशी, दाउद कुरैशी, मंसूर कुरैशी, शाहिद मलिक, प्रधानाचार्या शबाना हाशमी आदि मौजूद रहे। नफीस कुरैशी एड., के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में तनवीर सिद्दीकी, डॉ. रिजवान, फैसल तय्यब, फैजान, वसीम कुरैशी एड., हाजी मुस्तकीम, मंसूर ठेकेदार, शाहनवाज आढ़ती, पूर्व सभासद इरशाद अहमद आदि शामिल रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सीपी सिंह तथा प्रो. डॉक्टर एके मित्तल (पूर्व प्राचार्य, साहू जैन डिग्री कॉलेज) विद्यालय के प्रबन्ध समीति के पदाधिकारी कमलकांत वालिया, श्रीमती इंदू वालिया, रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया, अश्विन वालिया, श्रीमती जाह्नवी वालिया, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा फीता काटकर मशाल प्रज्ज्वलित की। मुख्य अतिथि डॉक्टर सीपी सिंह तथा प्रो. डॉ. एके मित्तल ने बताया कि खेल प्रतियोगिता विद्यार्थियों में खेल भावना आत्म विश्वास अनुशासन व टीम भावना को बढ़ावा देती हैं। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में रैबिट रेस हुला हुप रेस लौंग जन्प दो सौ मीटर निडिल बैंड रेस, फंग जन्प कंगारु रेस, सैक रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने वेलकम गीत नृत्य से अतिथियों का अभिवादन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में नर्सरी से यूकेजी के छात्र-छात्राओं में अमृता, ध्रुव, असद, रुशांक वैदिक, यशिका, रुहान युवी, असमीत, अम्मार, मिशा, प्रतीक्षा व जकी ने प्रथम स्थान, प्रकृति मितांश तोषी वासु अयजा, मोहम्मद हसनैन, अली, वैष्णवी, अवनी तथा अभिनव ने द्वितीय स्थान तथा मानविक राजा, अवसोन, अर्पित, भूमिका, आयुष पाल, जियान, इकरा दिशी व हुमायशा ने तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर बच्चों के दादा-दादी ने भी खेलों में भाग लिया जिनमें, प्रदीप डेजी, राजेन्द्र, प्रवण कुमार जेवी शर्मा, रघुनाथ, जयसिंह, प्रताप, धनी राम व श्रीमती शोभा विजेता रहे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार में प्रचंड जीत पर कई स्थानों पर मिठाई खिलाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई एवं बधाई दी। नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकुल रंजन दीक्षित, संदीप तायल, डॉ. राजीव अरोड़ा, ठाकुर राज किशोर, संजय सैनी, अभिषेक यादव, ऐश्वर्या ऐरन, मनोज अग्रवाल, उदय, मंजू गुप्ता, गायत्री निराला, सुविधा भटनागर, बिट्टू भटनागर आदि उपस्थित रहे। उधर आदर्शनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत पर मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन ने कहा कि यह जीत बिहार की जनता की जीत है। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद से ऊपर उठकर विकास को वोट दिया है। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार, अरविंद विश्वकर्मा, चैधरी योगेंद्र सिंह, नितेश त्यागी, बलराज त्यागी, अरविंद चौधरी, डॉ. विपिन, देवेंद्र चैधरी आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में खण्ड स्तरीय संस्कृत की प्रतियोगिताएं आयोजित

## जीजीआईसी कोटद्वार नाटक में प्रथम व समूह नृत्य में दूसरे स्थान पर रहा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी उत्तराखंड सरकार हरिद्वार द्वारा आयोजित खण्ड स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं के क्रम में कोटद्वार स्थित मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दुगड्डा ब्लाक के कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी योगम्बर सिंह रावत,समाज सेवी सत्यप्रकाश थपलियाल, स्थल संयोजक अरुण कुमार परिन्दियाल, खण्ड संयोजिका बीना गौड़ और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित कनिष्ठ वर्ग के अंतर्गत संस्कृत समूह नृत्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दगड्डा पहले, राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार दूसरे और महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्व घाटी तीसरे स्थान पर रहा। संस्कृत समूहगान में श्री गुरु रामराय पब्लिक इंटर कॉलेज पहले, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा दूसरे और महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्व घाटी तीसरे सथान पर रहा। संस्कृत नाटक में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार पहले, मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर दूसरे और महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्वघाटी तीसरे स्थान पर रहा। संस्कृत वाद-विवाद में महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्वघाटी प्रथम, आदर्श विद्या निकेतन द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृत आशु भाषण में स्प्रिंगडेल्स पब्लिक स्कूल ने पहला, राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार ने दूसरा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दगड्डा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में पूजा घनसेला, विनीता बिष्ट, मनोरथ प्रसाद नौगांई, ममता भण्डारी, सूर्यकांत शर्मा, रोशन बलूनी एवं कुलदीप मैंदोला आदि शिक्षकों ने भी सहयोग किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नेहरू जी को किया गया याद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बद्रीनाथ मार्ग स्थित आईटीडीए कैल्क कम्प्यूटर संस्थान में शुक्रवार को बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्थान के निदेशक डॉ नन्दकिशोर जखमोला ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को बाल दिवस पर जानकारी देते हुए कहा कि भारत में बाल दिवस देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के बच्चों के प्रति लगाव को याद करने के तौर पर मनाया जाता है। कहा कि यदि अभिभावक अपने बच्चों को अन्य के साथ सौभाग्यशाली चीजें बांटने का मूल्य सिखा सकें तो न केवल बच्चा एक जिम्मेदार नागरिक बनेगा, बल्कि अन्य बच्चे की सहायता में हाथ बंटा सकेगा। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दीं। इस अवसर पर अरविंद दुदपुड़ी और मोहित कुमार सहित संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एमकेवीएन कण्वघाटी व देवी रोड में बाल दिवस पर बच्चों ने सबका मन मोहा गढ़वाली-कुमांयूनी नृत्य कर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप के एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कण्वघाटी, एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल देवीरोड एवं एमकेवीएन स्कूल दुर्गापुरी में शुक्रवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 136वीं जयंती के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कण्वघाटी में प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने छात्र-छात्राओं को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि वे मानते थे कि बच्चे ही वह मिट्टी हैं, जिससे भविष्य की इमारत बनेगी।। उनकी सोच थी कि बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र सोचने और सपने देखने की आजादी भी मिलनी चाहिए। देवीरोड स्थित एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने गढ़वाली और कुमाउँनी गीतों पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दुर्गापुरी स्थित एमकेवीएन स्कूल में भी बच्चे विभिन्न प्रकार की वेशभूषा पहनकर आये और उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। प्रधानाध्यापिका कविता रावत ने बच्चों को बालदिवस की बधाई देते हुए कहा कि पं.नेहरू ने राष्ट्र निर्माण हेतु बच्चों को ही महत्व दिया इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते हैं। इस अवसर पर सिंधु कोठारी, सोनम पंत कोठारी, ज्योति कुलाश्री, रेखा नेगी और पुष्पा केष्टवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## चौथे दिन की खेल प्रतियोगिताओं में, सुभाष रहा प्रथम स्थान पर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड़ स्थित एसजीआरआर पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी है। प्रतियोगिता के चौथे दिन शुक्रवार को भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चौथे दिन की प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बिस्कुट रेस में ग्रंथ प्रथम, आरव नेगी द्वितीय एवं अक्षांत तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आराध्या प्रथम, वैष्णवी द्वितीय एवं गर्विता तृतीय स्थान पर रही। फ्राग रेस बालक वर्ग में अनिक ने पहला, रौनक ने दूसरा और अबु हुरेरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में श्रेयांसी पहले, एंजिल दूसरे और परिधि तीसरे स्थान पर रहे। प्राइमरी वर्ग म्यूजिकल रेस में अवनी और अदिति बड़थ्वाल ने पहला, कृतिका और शिवांशी ने दूसरा और त्रिशा और अनिष्का ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर बॉस्केटबॉल बालक वर्ग में रमन हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में रमन हाउस विजेता और सुभाष हाउस उपविजेता रहा। कबड्डी बालक वर्ग में सुभाष हाउस विजेता और तिलक हाउस उपविजेता रहा। चौथे दिन की खेल प्रतियोगिताओं के समापन पर सुभाष हाउस 276 अंकों के साथ प्रथम, टैगोर हाउस 267 अंको के साथ द्वितीय, तिलक हाउस 235 अंकों के साथ तृतीय एवं रमन हाउस 211 अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर बने हुए हैं। खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न करवाने में विद्यालय की शारीरिक शिक्षक पूनम बहुखंडी, संतोष पंत एवं ब्रिजेन्द्र सिंह नेगी सहित समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी सहयोग दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों ने सुरेन्द्र सिंह एवं पदमेन्द्र सिंह को की श्रद्धांजलि अर्पित



स्व. टेगू भाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के सदस्यों ने समाजसेवी स्व. सुरेंद्र सिंह पुत्र स्व. प्रताप सिंह नेगी व हंस फाउंडेशन के उत्तराखंड प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में दोनों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस संबंध में संगठन कार्यालय में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि दोनों ही विभूतियां समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती थीं। एक ओर जहां स्व. सुरेंद्र सिंह निर्धन अनाथ लोगों व बच्चों की संगठन के माध्यम से मदद करते थे, वहीं पदमेंद्र सिंह बिष्ट ने भी हंस फाउंडेशन के माध्यम से लोगों की बहुत सेवा की। कहा कि दोनों विभूतियों का निधन समाज के लिए बड़ी क्षति है। मौके पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर संगठन के रिपुदमन बिष्ट, आर पी पंत, एस डी गौड़, विनोद नेगी, अतुल कुमार, ताजबर सिंह और वीरेंद्र कुमार सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## महर्षि विद्या मंदिर में बाल दिवस मनाया, बच्चों को सिद्धबली मंदिर का भ्रमण कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में शुक्रवार को बाल दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के बाद कक्षा तीन व बालवाटिका के छात्रों को सिद्धबली और दुर्गा देवी मंदिर में दर्शनों के लिए ले जाया गया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य रवीन्द्र सिंह गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात उन्होंने छात्रों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर जानकारी दी। कहा कि उनके बच्चों को बहुत प्यार करने के कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद कक्षा तीन के छात्रों एवं बालवाटिका के नन्हे-मुन्ने बच्चों को सिद्धबली मंदिर व दुर्गा देवी मंदिर में दर्शनों के लिए ले जाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विद्या मंदिर में मनाया गया बाल दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत महादेव सरस्वती शिशु-विद्या मन्दिर हाईस्कूल जशोधरपुर में शुक्रवार को बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार केमनी ने शिशुओं को पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री थे। वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे। इसलिए उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका मानना था कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें प्यार, देखभाल और उचित शिक्षा मिलनी चाहिए। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर सम्मानित करते हैं। उन्होंने देश के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। देश की उन्नति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बंधन में पैदा हुये कृष्ण ने बंधनों को नहीं स्वीकारा : रसिक महाराज

### भागवत कथा के दौरान मनाया गया था कृष्ण का जन्मोत्सव



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रानीपोखरी ग्राम डांडी बड़कोट में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरा पंडाल राधा कृष्ण की भक्ति में रंग गया। इस अवसर पर कथा वाचक बद्रीनाथ धाम के प्रमुख संत नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जैसा व्यक्तित्व युगों-युगों में एक बार प्रकट हो पाता है। इस माँ भारती की कोख से यूँ तो अनेक महापुरुषों का अवतरण हुआ लेकिन भगवान श्रीकृष्ण जैसा विराट व्यक्तित्व कोई अन्य नहीं हुआ है। बंधन में पैदा हुए पर बंधनों को स्वीकार नहीं किया और मुक्त होकर जिये। जैसी भी परिस्थिति हो, मुस्कुराने और पूरे मनोयोग से उसका सामना करने की सीख श्रीकृष्ण के जीवन ने हम सबको प्रदान की। जब तक गोकुल-वृंदावन में रहे, ग्वाल बाल बनकर रहे, आनंद व प्रसन्नता के साथ जिये और जब द्वारिकाधीश बनकर द्वारिका की सत्ता पर विराजमान हुए तो उसी आनंद-प्रसन्नता और सहजता के साथ जिये। उन्होंने कहा कि सनातनी संस्कृति, सभ्यता समावेशी है। कथा में हरिद्वार से श्रीकृष्ण भक्ति आश्रम के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर स्वामी गिरधर गिरि महाराज ने विशेषरूप से पंहुचकर नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज का आशीर्वाद लिया। इससे पहले कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीमती भगवती रावत, साध्वी मां देवेश्वरी, प्रभात पंवार, राजवीर रावत, वीर सिंह रावत, ऋषिराम सिलस्वाल, संदीप जुगरान ने माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सड़क हादसे में दम्पति की मौत, घर में मचा कोहराम

चांदपुर ( चिंगारी )। सड़क दुघर्टना में एक दम्पति की मौत हो गई। जिससे उसके घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम चेहली निवासी सतेन्द्र सिंह की पत्नी सुदेश देवी को दो दिन पूर्व कुत्ते ने काट लिया था। शुक्रवार को सतेन्द्र अपनी पत्नी के इंजेक्शन लगवाने के लिए मोटरसाइकिल से चांदपुर आया था तथा शाम को वापस अपने घर लौट रहा था। चांदपुर -नूरपुर रोड पर भगवंत स्कूल के पास अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिये जाने से मोटरसाइकिल सवार दोनों पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले जाया गया था, जहां चिकित्सक ने सतेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया था, जबकि उनकी पत्नी सुदेश देवी की हालत गंभीर देखते हुए उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया था, जहां सुदेश देवी की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई उदल सिंह पुत्र खूब सिंह निवासी चेहली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## करोड़पति बनने के चक्कर में बिना टिकट ट्रेन में पकड़े गये

राजा का ताजपुर ( चिंगारी )। करोड़पति बनने की चाह में घर से बिना बताये निकले दो छात्र ट्रेन में बिना टिकट पकड़े जाने पर जी आर पी के सहयोग से तीन दिन बाद घर लौटे तो परिजनों के आंसू छलक आये। कक्षा दस में पढ़ने वाले दो छात्र आयुष कुमार निवासी ग्राम मुस्सेपुर तथा आर्यन निवासी ग्राम सब्दलपुर विगत दस नवंबर की प्रात: घर से स्कूल के लिये निकले। स्कूल न पहुंचने पर स्कूल से घर सूचना पहुंचने पर परिजनों ने उन्हें इधर उधर तलाश किया। पुलिस को सूचना दी। ये छात्र धन कमाने की चाह में मुंबई पहुंच गये। वंहा रोटी खाने के लिये मजदूरी की। माता पिता की याद आई तो बिना टिकट ट्रेन में बैठ गये। मथुरा में टी टी ने उन्हें पकड़ लिया तथा जी आर पी को दें दिया। रेलवे पुलिस ने बच्चों से उनके घर का मोबाइल नम्बर लेकर परिजनों से बातचीत की। परिजनों के अनुरोध पर रेलवे पुलिस ने उन्हें वहाँ बैठाये रखा। परिजनों ने मथुरा पहुंचकर बच्चों को अपनी सुपुर्दगी में लिया। दोनों छात्रों ने बताया कि उनकी मंशा अपने माता पिता पर बोझ न बनना थी। बिना बताये घर से जाना उनकी नासमझी रही।भविष्य में वे ऐसा नहीं करेंगे।




## विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर नागरिक की हुई है जीत - शाह

नयी दिल्ली, 14 नवंबर। गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को प्रदेश की राजनीति की जीत बताते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति कर लोगों को गुमराह करने वालों को बिहार की जनता ने करारा जवाब दिया है और कहा है कि यह विकसित बिहार में विश्वास रखने वाले हर बिहारवासी की जीत है। जंगलराज और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले चाहे किसी भी भेष में आएं, उन्हें लूटने का मौका नहीं मिलेगा। जनता अब अपना जनादेश सिर्फ और सिर्फ विकास की राजनीति के आधार पर देती है। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। साथ ही, बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को भी सलाम करता हूं जिन्होंने यह परिणाम लाया है। मैं बिहार की जनता और विशेषकर हमारी माताओं-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि जिस आशा और विश्वास के साथ आपने मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए को यह जनादेश दिया है।

